आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 124 | उज्जैन, बुधवार 20 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 4 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

एक्शन की बजाए पीएम कह रहे कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि खुद दुनिया के चक्कर काट रहे

# बहुत कठिन समय, आर्थिक तूफान आने वाला है : राहुल गांधी

## एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए, पीएम ने अडाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया, वह टूटकर गिरेगा

**एजेंसी ▶▶ रायबरेली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में राहुल ने कहा- अब आर्थिक तूफान आने वाला है। पीएम मोदी ने अडाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह टूटकर गिरेगा। इसका नुकसान आम जनता को होगा। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन की बजाए पीएम कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं।

राहुल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां



शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइएगा, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है। जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है। राहुल मंगलवार सुबह 11.30 बजे दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने उनका स्वागत किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक बैनर-पोस्टर लेकर एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए।

### मप्र सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमत 10 रुपए कम करे : कमलनाथ की मांग, भारी टैक्स के कारण अन्य राज्यों से महंगा बिक रहा ईंधन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि यहां वैट और सेस ज्यादा होने की वजह से पेट्रोल-डीजल अन्य राज्यों की तुलना में महंगा बिक रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस वजह से ट्रक और अन्य भारी वाहन प्रदेश की तुलना में अन्य राज्यों से तेल भरवाना बेहतर समझ रहे हैं। इसके अलावा सीमावर्ती जिला के लोग अन्य प्रदेश से ईंधन ले रहे हैं जिससे एमपी को राजस्व का नुकसान हो रहा है। कमलनाथ ने कहा भारी टैक्स के कारण अन्य राज्यों से महंगा बिक रहा ईंधन देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ



ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते के भीतर दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। इसी के साथ उन्होंने प्रदेश सरकार से पेट्रोल और डीजल पर टैक्स में कमी कर 10 रुपए प्रति लीटर की राहत देने की मांग की है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मंगलवार से पेट्रोल और डीजल के दाम में 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को इसकी वजह बता रही है, लेकिन वास्तविक कारण राज्य सरकार द्वारा लगाया जा रहा भारी टैक्स है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उत्तर प्रदेश की तुलना में पेट्रोल औसतन 13 रुपए और डीजल करीब 4 रुपए प्रति लीटर महंगा बिक रहा है।

- राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली में रहे। वह खीरो गांव में एक छोटी जनसभा को संबोधित किया। लालगंज में महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। आज यानी 20 मई को जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मिलेंगे। स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इसके बाद अमेठी रवाना हो जाएंगे।
- लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल गांधी 6 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका 7वां दौरा है। इससे पहले, 19 जनवरी 2026 को रायबरेली आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं।

## देश विदेश

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितंबर में भारत आएंगे, ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितंबर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसंबर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था। एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसंबर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। 2025 का दौरा इसलिए भी खास माना गया था, क्योंकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पुतिन का पहला भारत दौरा था।

### खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है, लोगों की जान की हिफाजत जरूरी है और गरिमा के साथ जीने में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है। मंगलवार को दिए गए इस मामले पर आखिरी फैसले के साथ ही कोर्ट ने सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी पर नवंबर 2025 में दिए गए निर्देश ही लागू होंगे। जो अफसर इनका पालन न करें, उन पर अवमानना का केस चले। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे जैसे पब्लिक प्लेस से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी किए थे।

### पंजाबी सिंगर की हत्या लाश नहर में मिली



**कनाडा से आया कातिल, लुधियाना से गनपॉइंट पर किडनैप किया; जबरन शादी करना चाहता था**

**लुधियाना।** लुधियाना में पंजाबी सिंगर इंदर कौर उर्फ यशइंदर कौर (29) की हत्या कर दी गई। आज सुबह 11 बजे उनका शव नीलो नहर में मिला। इंदर को 6 दिन पहले गनपॉइंट पर किडनैप किया गया, जिसके बाद से परिवार लगातार उनकी तलाश में जुटा हुआ था। परिवार ने कहा कि मोगा का रहने वाला व्यक्ति जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने किडनैप कर लिया था। फिर हत्या करने के बाद वह कनाडा भागा है। वह हत्या करने के लिए ही कनाडा से नेपाल के रास्ते पंजाब आया था, फिर इसी रास्ते वापस भाग गया। 5 साल पहले दोनों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, लेकिन जैसे ही इंदर को पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं, तो उसने शादी करने से मना कर दिया था। इसी बात से आरोपी खुन्नस रखने लगा था। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव को नहर से बाहर निकलवा लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए समराला के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। इंदर के माता-पिता और दो भाई कोरिया में रहते हैं। जबकि उसका एक भाई लुधियाना के जमालपुर में रहता है। सिंगर के भाई जोतइंदर सिंह ने कहा कि इंदर कौर 13 मई को रात करीब साढ़े 6 बजे अपनी सफेद रंग की फोर्ड फिगो कार लेकर बाजार से घर का राशन-पानी (ग्रॉसरी) लेने निकली थी, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। जब लड़की वापस नहीं आई, तो परिवार वालों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान उन्हें पता चला कि यशइंदर की दोस्ती सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा नाम के एक व्यक्ति से थी, जो मूल रूप से मोगा का रहने वाला है, लेकिन अभी अपने परिवार के साथ कनाडा में रहता है। 13 मई की रात को सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा, उसके पिता प्रीतम सिंह, उसके दोस्त करमजीत सिंह और कुछ अन्य अज्ञात साथियों ने मिलकर यशइंदर कौर को गनपॉइंट पर जान से मारने की नीयत से अगवा कर लिया। भाई ने कहा कि सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा, यशइंदर कौर पर जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था और इस काम में सुक्खा के पिता प्रीतम सिंह भी उसका साथ दे रहे थे।

### पीएम मोदी डेनमार्क, आइसलैंड फिनलैंड के प्रधानमंत्रियों से मिले

**ओस्लो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओस्लो में तीसरे इंडिया-नॉर्डिक समिट से पहले डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत और नॉर्डिक देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने की कोशिशों का हिस्सा मानी जा रही है। इससे पहले मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेट्टेरी ओर्पो और आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रुन म्योल फ्रॉस्टाडोटिर से भी मुलाकात की। ओस्लो में होने वाले तीसरे इंडिया-नॉर्डिक समिट में भारत के साथ नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के प्रधानमंत्री शामिल हो रहे हैं। इस समिट का मकसद भारत और नॉर्डिक देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करना है। इससे पहले ऐसे समिट 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में हुए थे।

### अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी में पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में सोमवार को गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे।

# इंदौर क्राइम ब्रांच ने 1 करोड़ की एमडी ड्रग्स के साथ 5 आरोपी को किया अरेस्ट

## पुलिस को देख भाग रहे आरोपियों की स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई, रेपिडो चालक निकले तस्कर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार सुबह सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। आरोपियों की कार से 1 किलो एमडी ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। इसके अलावा एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई करने जा रहे थे।

**भागने के दौरान आरोपियों की स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई-** एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी की। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो कार और दो बाइक वहां पहुंचीं। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने लगे। भागने के दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। क्राइम ब्रांच ने झालावाड़ निवासी नवीन



### सैलून और रेपिडो चलाने वाले भी ड्रग्स तस्करी में शामिल

- एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ की जाएगी। पुलिस ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की बैकट्रेसिंग कर इसकी पूरी लिंक तोड़ने की कोशिश करेगी। साथ ही आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं।
- बरामद स्कॉर्पियो किसकी है और इस पूरे मामले में उसकी क्या भूमिका है, इसकी भी जांच की जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी नवीन सोलंकी और गोविंद सैलून में काम करते हैं और रेपिडो भी चलाते हैं, जबकि बाकी आरोपी खेती किसानी का काम करते हैं।

सोलंकी (25) और शंकर सिंह (33), उज्जैन निवासी विक्रम सिंह (31) और नरेंद्र सिंह (26) और इंदौर के सिलिकॉन सिटी निवासी गोविंद शर्मा (29) को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान कार से 1 किलो एमडी ड्रग्स, देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने ड्रग्स, दो बाइक, स्कॉर्पियो, हथियार और कारतूस समेत कुल 1 करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपए का माल जब्त किया है।

### नर्मदा नदी में दूध अर्पण पर एनजीटी ने रिपोर्ट मांगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

नर्मदा नदी में 11 हजार लीटर दूध अर्पण और 210 साड़ियों के विसर्जन पर नेशनल ग्रीन अधिकरण ने रिपोर्ट मांगी है। यह वैज्ञानिक रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तलब की गई है। अर्पण और विसर्जन का कार्यक्रम अप्रैल में सीहोर जिले के सतदेव और भेरूंदा में एक कार्यक्रम के दौरान हुआ था। इस मामले में एनजीटी भोपाल की सेंट्रल जोन बेंच में याचिका दायर की गई थी। मामले की सुनवाई जस्टिज श्योकुमार सिंह और सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने की। याचिका में कहा गया कि सीहोर जिले की नसरुल्लागंज तहसील अंतर्गत ग्राम सतदेव एवं भेरूदा क्षेत्र में अप्रैल में धार्मिक कार्यक्रम हुआ था। इस दौरान नर्मदा नदी में लगभग 11 हजार लीटर दूध और 210 साड़ियों का विसर्जन किया गया था।

# प्रदेश में अगले तीन दिन रहेगी भीषण गर्मी

## खजुराहो में तापमान रिकॉर्ड 46.8 डिग्री

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में जैसे आग बरस रही है। सोमवार को पूरा प्रदेश तप गया। छतरपुर के खजुराहो में पारा रिकॉर्ड 46.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि नौगांव में 46 डिग्री रहा। प्रदेश के 22 शहर ऐसे रहे, जहां सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक रहा। भोपाल में तापमान 44 डिग्री रहा। इससे यहां सड़कें पिघल गईं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सीजन में मई में पहली बार सोमवार को पूरा मध्य प्रदेश तपा। खजुराहो में इतिहास का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले 29 अप्रैल 1993 को पारा 46.9 डिग्री सेल्सियस



दर्ज किया गया था। इंदौर में 44.3 डिग्री, ग्वालियर में 43.7 डिग्री, उज्जैन में 44 डिग्री और जबलपुर में तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में पिछले साल से भी ज्यादा गर्मी रही।

# सीएम के सामने ही भिड़ गए दो मंत्री

## कांग्रेस का दावा- महिला मंत्री ने दूसरे मंत्री को कहा शराब व्यापारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार के भीतर बड़े असंतोष और आपसी खींचतान का दावा करते हुए एक बड़ा सियासी धमाका किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आवास पर रविवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान एक मंत्री ने दूसरे मंत्री को सरेआम 'शराब व्यापारी' कह दिया, वह भी मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में।

कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान पर यह तीखी टिप्पणी की। ये दोनों ही नेता अलीराजपुर जिले से आते हैं, जहां संपतिया उइके प्रभारी मंत्री हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए लिखा कि भाजपा की यह बैठक मंत्रियों के परफॉर्मेंस रिव्यू के बजाय एक-दूसरे पर शराब कारोबार से जुड़े होने के आरोप लगाने का मंच बन गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या वे अपने मंत्री पर कोई कार्रवाई करेंगे या भाजपा में माफिया राज ही नया नियम बन चुका है?

### ट्रम्प और नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 500 करोड़ देगा ईरान, संसद में बिल लाने की तैयारी

**एजेंसी ▶▶ तेल अवीव**

ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है। आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई नाम से बिल तैयार किया जा रहा है।

ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला



अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

इस बीच ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे गल्फ देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था।

### प्रदेश के मेडिकल स्टोर्स आज बंद रहेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

प्रदेश में आज यानी 20 मई को दवा दुकानों की हड़ताल रहेगी। भोपाल में 3 हजार से ज्यादा मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में यह बंद बुलाया है। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि जिले के सभी रिटेल और थोक दवा व्यवसायी इस बंद का समर्थन करेंगे और 20 मई को अपनी दुकानें बंद रखेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि यह मुद्दा सीधे आम लोगों की सेहत से जुड़ा है।

भोपाल की एक्ट्रेस की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने पकड़ा तूल

# एक्ट्रेस ट्विशा की डेडबॉडी पर मल्टीपल चोटें

## एम्स की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर सास बोलीं- केवल सनसनी फैलाने के इरादे से रिपोर्ट बनाई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

भोपाल की एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एम्स भोपाल की शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बॉडी पर मल्टीपल चोटों के निशानों का जिक्र है। ट्विशा के परिजन शुरूआत से ही हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं, ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह और उनके वकील इनोश जॉर्ज कार्लो ने रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि रिपोर्ट केवल सनसनी फैलाने के इरादे से तैयार की गई है। रिपोर्ट में चोटों का जिक्र है, लेकिन कहां और कितनी चोट हैं, यह स्पष्ट नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि दोबारा पोस्टमॉर्टम या किसी भी एजेंसी से जांच कराने पर हमें कोई ऐतराज नहीं है। हम जांच में सहयोग करेंगे।



### बेल्ट नहीं मिलने से अधूरी रह गई फोरेंसिक जांच

- मामले में पुलिस जांच पर सवाल उठ रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार जिस बेल्ट से फांसी लगाने की बात कही गई थी, उसे जांच अधिकारी पोस्टमॉर्टम के समय एम्स भोपाल नहीं ले गए थे। बाद में बेल्ट जांच के लिए सौंपी गई, लेकिन डॉक्टर कथित फांसी के साधन और गर्दन के निशानों का वैज्ञानिक परीक्षण नहीं कर सके।
- पोस्टमॉर्टम में हुई चूक के बाद ट्विशा के परिजन ने मामले की जांच मध्य प्रदेश से बाहर किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने और दिल्ली एम्स में दोबारा पोस्टमॉर्टम की मांग की है। इसी वजह से मौत के आठ दिन बाद भी परिजन डेडबॉडी लेने और अंतिम संस्कार के लिए तैयार नहीं हैं।
- परिजन का कहना है कि बेल्ट उपलब्ध नहीं होने से डॉक्टर यह तय नहीं कर सके कि फांसी किस चीज से लगाई गई थी। गर्दन के मार्क्स का सही मिलान और माप भी नहीं हो पाया। इस बीच, पति समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी गई थी।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# मंदसौर नर्सिंग कॉलेज भोजन एवं नाश्ता गड़बड़ी

# लोकायुक्त टीम पहुंची, जांचें दस्तावेज, बयान दर्ज किए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को मंदसौर में नर्सिंग कालेज में भोजन एवं नाश्ते के मामले में हुई गड़बड़ी की शिकायत की प्रारंभिक जांच की है। मामले में दस्तावेजों को खंगाला गया है और संबंधितों के कथन दर्ज किए गए हैं। इधर एक अन्य मामले में मंदसौर जिला अस्पताल में इंदौर की फर्म को किचन के साथ नियम विरूद्ध कैंटीन संचालन एवं शासकीय भूमि के उपयोग का मामला भी सामने आ गया है।

मंदसौर के शासकीय नर्सिंग कॉलेज, में छात्राओं के स्टायफंड से अवैध वसूली, मेस बिल में 100% जीएसटी लगाने और भारी वित्तीय अनियमितता होने की शिकायत हुई थी। मामला सीधे तौर पर नर्सिंग छात्राओं के अधिकारों के हनन और शासकीय धन के दुरुपयोग से जुड़ा है। इसमें नियम विरुद्ध 100% जीएसटी की वसूली, मेस ठेकेदार (स्काईबुल सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर) को लाभ पहुँचाने के लिए छात्राओं की भोजन की थाली पर 100 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर बिल बनाया गया। नियमानुसार भोजन का मासिक भुगतान 2200 रुपये प्रति छात्रा होना चाहिए था, जिसे बढ़ाकर 4400 रुपये कर दिया गया।

### अस्पताल में किचन के साथ कैंटीन संचालन किया भूमि का उपयोग भी किया



छात्राओं को मिलने वाला स्टायफंड नियमत उनके बैंक खातों में जाना चाहिए था। मप्र वित्त संहिता के तहत 'लाभार्थी को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' की अनदेखी करते हुए, सीएमएचओ कार्यालय ने छात्राओं के 4 माह के स्टायफंड (लगभग 8.06 लाख रुपये) को सीधे ठेकेदार के खाते में डालने के आदेश जारी किए, जबकि वास्तविक बिल मात्र 3.76 लाख रुपये (3 माह के लिए) का था। बिना किसी पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया के जिला अस्पताल की मेस चला रहे ठेकेदार को ही नर्सिंग कॉलेज का ठेका दे दिया गया था। इसमें मप्र वित्त संहिता के खरीद नियमों और वित्तीय औचित्य के सामान्य सिद्धांतों का खुला उल्लंघन के आरोप हैं। मामले में लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक का कहना था कि वे प्रारंभिक जांच के लिए पहुंचे थे। दस्तावेजों का अवलोकन किया गया है। संबंधितों के कथन दर्ज किए गए हैं।

### किचन का नाम पर कैंटिन और भूमि का उपयोग भी

मंदसौर के जिला अस्पताल में ठेकेदार के किचन के संचालन को लेकर शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच करवाई थी। इसकी जांच में सामने आया कि जिला चिकित्सालय मन्दसौर में किचन संचालन हेतु (मे. स्कायबुल सिक्योरिटी ओपीसी प्रा.लि. इन्दौर) को नियमानुसार ठेका प्रदान किया गया था। उक्त ठेके में केवल किचन संचालन की अनुमति दी गई थी, परंतु कैंटीन अथवा अन्य किसी गतिविधि हेतु परिसर, शासकीय भूमि के उपयोग की अनुमति प्रदान नहीं की गई थी। जांच में यह पाया गया कि कि संबंधित कंपनी ठेकेदार द्वारा अस्पताल परिसर की शासकीय भूमि को अनधिकृत रूप से एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर किराए पर दे दिया गया। उक्त भूमि को प्रतिमाह 1,75,000/- (रुपये एक लाख पचहत्तर हजार मात्र) की दर से कुल 13 माह हेतु किराए पर दिया गया, जिससे कुल 22,75,000/- (रुपये बाईस लाख पचहत्तर हजार) की अवैध आय अर्जित की गई। गंभीर अनियमितता के साथ ही इसमें ठेका शर्तों का उल्लंघन किया गया। शासकीय भूमि का अनधिकृत उपयोग किए जाने के साथ शासन को आर्थिक क्षति एवं निजी लाभ अर्जन किया गया। संभावित आपराधिक कृत्य (धोखाधड़ी/गबन) किया गया। जांच के उपरांत सीएमएचओ ने सिविल सर्जन को तथ्यों के आधार पर संबंधित ठेकेदार कंपनी का ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त करने, भविष्य हेतु ब्लैकलिस्ट करने, अवैध रूप से अर्जित रूपए 22.75 लाख की राशि की वसूली करने, दंडात्मक राशि भी अधिरोपित किए जाने के निर्देश के साथ अतिक्रमण हटवाने के साथ ही कंपनी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# कम दबाव और गंदे पानी को लेकर परेशान तैय्यबी मोहल्ले के रहवासियों का फूटा गुस्सा

## बाल्टी-बरतन लेकर सड़क पर उतरे लोग, 15 दिन से जारी जलसंकट, समस्या सुधारने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केडी गेट क्षेत्र के तैय्यबी मोहल्ले में मंगलवार को कम दबाव और गंदे पानी की समस्या को लेकर रहवासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। नाराज लोग बाल्टी और बर्तन लेकर सड़क पर उतर आए और पीएचई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

- **15 दिन से गहराया जलसंकट-** क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले 15 दिन से मोहल्ले में जलसंकट बना हुआ है। पीएचई द्वारा सप्लाई के दौरान कई घरों में नलों से पानी ही नहीं पहुंच रहा। जिन घरों में पानी आ रहा है, वह मटमैला और बदबूदार होने की वजह से उपयोग लायक नहीं है।
- **खरीदकर पीना पड़ रहा पानी** - स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह कई घरों में पानी नहीं पहुंचा इससे खाना बनाने से लेकर पीने तक के पानी का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरी में रहवासियों को आसपास से पानी जुटाना पड़ रहा है या पैसे देकर खरीदना पड़ रहा है।



### कम दबाव ने बढ़ाई परेशानी

रहवासियों का आरोप है कि कई दिनों से पीएचई द्वारा बेहद कम दबाव से पानी सप्लाई किया जा रहा है। कम दबाव और गंदे पानी की दोहरी मार से हालात बिगड़ गए हैं। 15 दिन से समस्या बनी हुई है, लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ।

### बीमारी का खतरा

### जल्द सुधार की मांग

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। रहवासियों ने अधिकारियों को शिकायत देकर तुरंत पाइपलाइन की जांच और शुद्ध पेयजल सप्लाई बहाल करने की मांग की है। चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# महाकाल मंदिर के नंदी हॉल का स्वरूप बदलेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल का जल्द ही नया स्वरूप देखने को मिलेगा। मंदिर प्रशासन और उज्जैन विकास प्राधिकरण की मदद से करीब 20 लाख रुपए की लागत से नंदी हॉल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। माना जा रहा है कि सावन माह से पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि नंदी हॉल के रिनोवेशन के लिए एजेंसी तय कर दी गई है और जल्द काम शुरू होगा। योजना के तहत नंदी हॉल के दोनों पिलरों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा डक्ट, कैमरे, इलेक्ट्रिक वायरिंग और पाइपलाइन को कंसील कर व्यवस्थित रूप दिया जाएगा। नंदी हॉल में लगे मार्बल की विशेष सफाई करवाई जाएगी और पेंटिंग के जरिए उसके पुराने वैभव को बरकरार रखा जाएगा। प्रशासन का कहना है कि नंदी हॉल को मॉर्डन लुक देने के साथ उसकी आध्यात्मिक पहचान भी कायम रखी जाएगी। आने वाले समय में नंदी हॉल में फ्लोरिंग बदलने का काम भी किया जाएगा। वहीं नंदी की प्रतिमा के सामने दोनों ओर चांदी से जड़ित आकृतियां और मूर्तियां दीवारों पर स्थापित की जाएंगी। इससे पूरा नंदी हॉल चांदी की चमक से दमकता नजर आएगा। इसके साथ ही नंदी हॉल में एकॉस्टिक ट्रीटमेंट भी किया जाएगा, ताकि आरती, मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की आवाजों में इको की समस्या खत्म हो सके और श्रद्धालुओं को बेहतर आध्यात्मिक अनुभव मिल सके।

## एक चांटा ने...

एक चांटे ने सब कुछ किए कराए पर पानी फेर दिया। यानिकी थोड़े से गुस्से ने वर्षों की मेहनत को धोकर रख दिया। वर्दी को लेकर आम समाज में जो छवि बनी हुई है उसे दूर करने के लिए कप्तान सालों से मेहनत करते देखे जा रहे हैं। संवेदना के साथ बुजुर्गों को अपनापन देने का काम किया जा रहा है। महीने और सप्ताह में अकेले रहने वाले बुजुर्गों के पास वर्दी जा रही है। उनकी परेशानी जान रही है। उन बुजुर्गवारों को अपनापन दे रही है उनकी परेशानियों को अपना समझकर सेवा दे रही है। वर्दी के कप्तान जमीन पर बैठकर ऐसे बुजुर्गवारों की बात सुन रहे हैं उन्हें सांत्वना देते रहे हैं। एक टू स्टार ने आपा खोया और पूरे किए कराए पर पानी फेरने की हरकत को अंजाम दे दिया। चांटा बुजुर्गवार को मारा गया लेकिन उससे आहत कौन हुआ।




थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए की बुजुर्गवार ने कुछ ऐसा बोला था जो असहनीय था तो प्रशासन कहता है कागज और कलम का उपयोग होना चाहिए। हाथ उठाना यानिकी अराजक स्थिति को अपनाना है। कानून का दायरा सबके लिए है चाहे वो आम हो या फिर खास। अभी महाआयोजन में सेवा देने वालों को यही सिखाया जाएगा। कुछ भी हो उन्हें श्रद्धालुओं के गाली का जवाब भी भगवान के जयघोष के साथ देना होगा। वैसे ही वर्दी के मंदिर आए श्रद्धालु की मन्नत चाहे पूरी न हो उसे दंड तो नहीं मिलता है,मिलता है तो प्रसाद। एक सामान्य सी बुजुर्गवार के शब्दों ने ही टू स्टार साहब को अनियंत्रित कर दिया। इससे उनके नियंत्रण अभाव एवं प्रशिक्षण के कुछ हिस्से की कमी उजागर हो रही है। खुसूर-फुसूर है कि कप्तान की संवेदनाओं को एक चांटे ने रोंदकर रख दिया। बुजुर्गवारों के लिए हर समय और हर परिस्थिति में समन्वय बनाकर उन्हें संबल देने वाले और बुजुर्गों द्वारा नाज किए जाने वाले कप्तान के पूरे किए कराए पर एक चांटे ने पानी फेर दिया।

# मेडिकल संचालकों की आज हड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन सहित देशभर में कल बुधवार को मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी। अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर जिले के करीब 1000 से अधिक मेडिकल संचालक अपनी दुकानें बंद रखेंगे, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (यूडीसीडीए) ने अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर 20 मई 2026, बुधवार को उज्जैन में पूर्ण दवा बंद की घोषणा की है। यह बंद अवैध ई-फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही 'डीप डिस्काउंटिंग' (भारी छूट) के विरोध में किया जा रहा है।

एसोसिएशन का आरोप है कि अवैध ई-फार्मेसी और भारी छूट के कारण देश के 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट आ गया है। उनका दावा है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियमों में ढील का फायदा उठाकर बिना भौतिक सत्यापन के दवाएं बेच रहे हैं। इससे न केवल नकली दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, बल्कि आदतन दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसे बड़े खतरे भी पैदा हो रहे हैं। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। बुधवार को होने वाली हड़ताल को देखते हुए जरूरी दवाएं लोग आज ही अपने पास की मेडिकल दुकानों से ले सकते हैं। हालांकि, इमरजेंसी की स्थिति में अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोर से दवाएं मिल सकेंगी। अस्पतालों के मेडिकल स्टोर को हड़ताल से दूर रखा है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में फिटनेस का तड़का



## बच्चों संग अभिभावकों ने भी किया जुंबा डांस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वर्गीय राजमाता सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों से भी परिचित कराया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से फिट एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना है।

शिविर मे 22 खेलो के खिलाड़ियों को अलग अलग जगहों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नानाखेड़ा खेल परिसर में विशेष जुंबा डांस सत्र का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध जुंबा डांस विशेषज्ञ स्नेहा छत्री ने बैडमिंटन प्रशिक्षक मोनिका खलोटिया एवं मलखंभ प्रशिक्षक अंजलि यादव के साथ बच्चों को संगीत की धुन पर आकर्षक जुंबा डांस कराया। स्नेहा छत्री ने बच्चों को डांस के माध्यम से फिटनेस, ऊर्जा और सकारात्मक सोच का महत्व भी बताया। उनके उत्साहपूर्ण प्रशिक्षण और शानदार प्रस्तुति ने बच्चों एवं अभिभावकों को खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मोनिका खलोटिया, अंजलि यादव, नितेश अगस्टिन (फुटबॉल) एवं सुदर्शन शर्मा (एथलेटिक्स) की विशेष भूमिका रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी उज्जैन जिला टेबल टेनिस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व खिलाड़ी राजेश शर्मा ने दी।

## न्यूज कॉलम

### कचरे ने उगला अपना पता, श्रीराम फाइनेंस पर 2000 का जुर्माना



**उज्जैन।** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम और आईईसी एजेंसी फीडबैक फाउंडेशन का ऑपरेशन कचरा लगातार जारी है। अब खुले में कचरा फेंकने वालों की पहचान कर मौके पर ही दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 45 में चलाए गए सघन निगरानी अभियान के दौरान फेंके गए कचरे की जांच में श्रीराम फाइनेंस से संबंधित दस्तावेज मिले। कचरे से ही दोषी का पता लगने पर नगर निगम की टीम ने संस्थान पर 2000 रुपये की चालानी कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हर गली-मोहल्ले पर सतर्क निगाहें रखी जा रही हैं। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर निर्धारित कचरा कलेक्शन वाहन में ही डालें। खुले में या नालियों में कचरा फेंकने पर सख्त कार्रवाई होगी। कमर्शियल क्षेत्रों में राहगीरों की सुविधा के लिए जगह-जगह लिटरबीन लगाए गए हैं। कचरा केवल उन्हीं में डालें।

### नगर निगम के तीन कर्मचारी संघ कल चलाएंगे विशेष सफाई अभियान

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार, 21 मई को नगर निगम के कर्मचारी विशेष सफाई अभियान चलाएंगे। यह अभियान सुबह 8.30 बजे से हरसिद्धि माता मंदिर और शेर चौराहा क्षेत्र में शुरू होगा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध नगर निगम के तीन प्रमुख संगठनों-स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ और सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह श्रमदान किया जाएगा। तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट और अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

# राजस्थान के जोधपुर में होगा अब सबसे आधुनिक वंदे भारत स्लीपर का मेंटेनेंस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जोधपुर

जोधपुर अब भारत के रेलवे आधुनिकीकरण का एक अहम केंद्र बनने जा रहा है। यहां देश का पहला वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का समर्पित मेंटेनेंस डिपो तेजी से तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 16 फरवरी 2024 को शिलान्यास के बाद इस परियोजना का पहला चरण तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अब इस परियोजना को नई गति देते हुए रेल मंत्रालय ने फेज-2 के लिए आरएस95 करोड़ का टेंडर जारी किया है। कुल मिलाकर इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग आरएस360 करोड़ आंकी गई है।

इस डिपो की सबसे बड़ी खासियत इसकी क्षमता है। यहां 600 मीटर लंबी मेंटेनेंस ट्रैक सुविधा होगी, जिसमें एक साथ 24 स्लीपर कोच (करीब 3 पूरी ट्रेन सेट) का रखरखाव किया जा सकेगा। फेज-2, जिसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है, में अत्याधुनिक सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। इसमें प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग, मॉडर्न वर्कशॉप, सिम्युलेटर आधारित ट्रेनिंग सेंटर के साथ-साथ पिट लाइन्स, व्हील रैंक सिस्टम, टेस्टिंग लैब, ड्रॉप पिट टेबल और बोगी ट्रांसफर सिस्टम शामिल होंगे। यहां थ्री-टियर इंस्पेक्शन सिस्टम, हाई-टेक मशीनरी और एडवांस्ड टेस्टिंग टूल्स के जरिए ट्रेनों की उच्च स्तर की देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। इस मेगा प्रोजेक्ट से जोधपुर और आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। निर्माण कार्य से लेकर तकनीकी और संचालन से जुड़े हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसके अलावा स्थानीय व्यवसाय, जैसे ट्रांसपोर्ट, होटल और छोटे व्यापारियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वंदे भारत स्लीपर सेवाओं के विस्तार के साथ, जोधपुर का यह डिपो देश में लंबी दूरी की तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल यात्रा के भविष्य को नई मजबूती देगा। साथ ही, यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 360 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा देश का पहला समर्पित मेंटेनेंस डिपो




### राजस्थान के मेड़ता को मिला बड़ा रेल गिफ्ट ! रोजगार के खुलेंगे नए द्वार, यात्रियों को मिलेगा बेहतर और समयबद्ध सफर

- राजस्थान के रेल इतिहास में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। मेड़ता रोड स्टेशन पर राज्य का पहला मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) शेड विकसित किया जा रहा है। करीब आरएस60 करोड़ की लागत वाली यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ रेलवे की क्षमता बढ़ाएगी बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा देगी।
- यह शेड मौजूदा डीजल कार शेड को अपग्रेड करके आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। परियोजना के तहत पिट लाइनों का विद्युतीकरण, ट्रैक्शन इंस्टॉलेशन, सिविल कार्य, व्हील लेथ की स्थापना और अत्याधुनिक मेंटेनेंस सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं। इसकी शुरूआत वर्ष 2022-23 में हुई थी और पूरा होने पर यह लगभग 50 मेमू रेक के रखरखाव में सक्षम होगा।
- इस शेड के शुरू होने से रेलवे की मेंटेनेंस क्षमता में बड़ा इजाफा होगा, जिससे ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ेगी और संचालन ज्यादा सुचारू व कुशल होगा। इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवाओं को गति मिलेगी और अधिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों के उपयोग से किराया नियंत्रण में मदद मिलेगी जिससे यात्रा और किफायती होगी।
- मेमू शेड के निर्माण और संचालन से स्थानीय स्तर पर कई तरह के रोजगार भी उत्पन्न होंगे। इसमें तकनीकी स्टाफ, मेंटेनेंस वर्कर, इंजीनियर, ठेका श्रमिक, सुरक्षा कर्मी और सहायक सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए अवसर बनेंगे। इसके अलावा आसपास छोटे व्यवसायों- जैसे दुकानों, ट्रांसपोर्ट और सर्विस सेक्टर- को भी बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर, मेड़ता रोड का यह मेमू शेड राजस्थान के लिए गेमचेंजर साबित होगा- जहां एक ओर यात्रियों को बेहतर सफर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को नई गति मिलेगी।

### रेल वैगन के स्क्रैप से तैयार इको हेरिटेज गार्डन बना ग्रीन इनोवेशन की मिसाल

जहाँ आमतौर पर फैक्ट्रियों से निकलने वाले स्क्रैप को बेकार मान लिया जाता है, वहीं झांसी का वैगन मरम्मत कारखाना उसी स्क्रैप से एक नई मिसाल पेश कर रहा है। अब यह कारखाना केवल वैगनों की मरम्मत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मक सोच का एक जीवंत उदाहरण बन गया है।

- करीब डेढ़ सदी पुराना यह कारखाना वर्ष 1882 में स्थापित हुआ था, जब देश में रेलवे नेटवर्क विस्तार की शुरूआत हो रही थी। इंडियन मिडलैंड रेलवे ने झाँसी को इस महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में चुना और 1895 में यहाँ स्टीम इंजन व यात्री डिब्बों की मरम्मत का कार्य शुरू हुआ।
- आज 84 एकड़ में फैला यह कारखाना भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा वैगन मरम्मत केंद्र बन चुका है, जहाँ हर महीने करीब 925 मालवाहक वैगनों की मरम्मत की जाती है। आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित कर्मचारियों की मदद से यहाँ डिफेंस वैगनों समेत सभी प्रकार के वैगनों की ओवरहॉलिंग की जाती है, जिससे इसकी उत्पादन क्षमता काफी उच्च मानी जाती है।
- हालांकि, अब इस कारखाने की पहचान केवल उसके काम तक सीमित नहीं रही। वर्ष 2023 में शुरू की गई एक नई पहल ने इसे एक अलग मुकाम दिया है। मरम्मत के दौरान निकलने वाले स्क्रैप का उपयोग कर करीब 5 एकड़ क्षेत्र में इको हेरिटेज गार्डन तैयार किया गया, जो आज लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है।
- इस गार्डन में स्क्रैप से तैयार किए गए इंडिया गेट और ताजमहल जैसे मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र हैं, जो देखने वालों को चौंका देते हैं। इसके अलावा ट्री हाउस, झोपड़ियाँ, फिश पार्क, अंब्रेला गार्डन, वॉल आर्ट और 3द पोर्ट्रेट्स इसे एक अनोखा और जीवंत स्वरूप देते हैं। यह पहल स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि अनुपयोगी समझी जाने वाली सामग्री को भी रचनात्मकता के माध्यम से उपयोगी और आकर्षक बनाया जा सकता है।
- कारखाने में स्थापित रेल म्यूज़ियम भी अपनी अलग पहचान रखता है, जहाँ रेल मॉडल और कलाकृतियों के माध्यम से भारतीय रेल की समृद्ध विरासत को नए और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है।
- झाँसी का यह वैगन मरम्मत कारखाना अब केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है, जो यह संदेश देता है कि नई सोच और नवाचार से स्क्रैप भी सृजन की मजबूत नींव बन सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीणों को किया जा रहा योग के प्रति जागरूक

**इंदौर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सेमलिया चाऊ द्वारा सेमलिया चाऊ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत 11 मई से ₹घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग₹ योग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सेमलिया चाऊ की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं ग्रामीण चौपालों पर योग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है साथ ही नियमित योग अभ्यास भी कराया जा रहा है।

### संस्थाओं की गुणवत्ता सुधार की नई डिजिटल पहल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के रूप में क्वालिटी ऑडिट मोबाइल एप लागू किया गया है। यह पहल डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य शासन की जनकल्याणकारी सोच को आगे बढ़ाती है। साथ ही विभागीय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों ने इस व्यवस्था को धरातल पर प्रभावी रूप से स्थापित किया है। प्रदेश में संचालित शासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं जैसे दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों के संचालित विशेष विद्यालय और नशा मुक्ति केंद्र समाज के कमजोर वर्गों को आश्रय और सेवाएं प्रदान करते हैं।

### कलेक्ट्रेट में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित होगा

**इंदौर।** वृद्धजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 25 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जनसुनवाई के दौरान वृद्धजनों से लगातार प्राप्त हो रही समस्याओं के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर का प्रभावी और परिणाम मूलक आयोजन हो और अधिक से अधिक वृद्धजनों को इस शिविर का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस शिविर में सभी एसडीएम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। बताया गया कि जनसुनवाई में बड़ी संख्या में वृद्धजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, जिनमें भरण-पोषण संबंधी प्रकरण और सामाजिक उपेक्षा जैसे विषय प्रमुख रूप से सामने आते हैं।

### आवेदकों को गर्मी से राहत देने की विशेष व्यवस्थाएं

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनी। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर शिवम वर्मा ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायता उपलब्ध कराई। प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली से लाभान्वित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था, शीतल पेयजल, कुलर एवं मिस्ट कूलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रत्येक आवेदक की वातानुकूलित कक्ष में सुनवाई की गई, ताकि उन्हें सहज एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा पेयजल की गुणवत्ता जांचने के लिए स्वयं पानी पीकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### पानी नहीं मिला तो रोज महापौर के घर जाकर बैठूंगा- विधायक हार्डिया

**इंदौर।** इंदौर में बढ़ते जलसंकट को लेकर अब भाजपा के अंदर भी नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। गौरी नगर में पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया और ह्लमहापौर पानी दो...ह्व के नारे लगाए। इसी बीच पांच नंबर विधानसभा से भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया भी अपनी ही पार्टी के महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर भड़क उठे। जानकारी के मुताबिक वार्ड-41 में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक हार्डिया और महापौर दोनों मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान रहवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर जमकर नाराजगी जताई। लोगों का गुस्सा देखकर विधायक हार्डिया बीच कार्यक्रम से ही लौट गए। बाद में मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक हार्डिया ने कहा कि उन्होंने शहर में पहले कभी ऐसे हालात नहीं देखे। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में टंकियां खाली पड़ी हैं और टैंकर भी समय पर नहीं पहुंच रहे, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। हार्डिया ने महापौर को खुली चेतावनी देते हुए कहा, अगर जल्द जल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मैं रोज महापौर निवास पर जाकर बैठ जाऊंगा। विधायक के इस बयान के बाद शहर की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है।

### इमरजेंसी गेट के फोड़े शीशे, एंबुलेंस में की तोड़फोड़

# चरक अस्पताल में घायलों के परिजनों ने मचाया उपद्रव

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

चरक भवन( अस्पताल) में सोमवार-मंगलवार रात दो घायलो के परिवार और साथ आए लोगों ने जमकर उपद्रव किया। इमरजेंसी गेट के शीशे फोड़ दिए गए और एंबुलेंस को भी क्षतिग्रस्त किया गया। पुलिस अस्पताल पहुंचती उससे पहले सभी अस्पताल परिसर से रवाना हो गए।

कार्तिक मेला ग्राउंड क्षेत्र से सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को निजी वाहन से चरक अस्पताल लाया गया था। दोनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रैफर कर दिया। एक को एंबुलेंस लेकर रवाना हुई दूसरे को रवाना करने के लिए एंबुलेंस का इंतजार किया जा रहा था इस दौरान



साथ आए घायलों के परिजन और लोगों ने एंबुलेंस में देरी होने पर उपद्रव शुरू कर दिया उन्होंने इमरजेंसी गेट के शीशे फोड़ दिए यही नहीं जननी सुरक्षा एंबुलेंस में भी तोड़फोड़ की। 30 से 40 लोगों की भीड़ में जमकर हंगामा किया। इमरजेंसी कक्ष में तैनात चार पुलिस कर्मियों ने रोकने का प्रयास किया लेकिन भीड़ आक्रोशित हो गई। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के आने से पहले एंबुलेंस आ गई और दूसरे घायल को भी उसके साथ आए लोग लेकर रवाना हो गए। उपद्रव करने वालों की भीड़ में शामिल लोग भी तुरंत अस्पताल परिसर से भाग निकले। पुलिस के आने पर इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटी कर रहे डॉ. अभिषेक जाटव ने रात में लिखित शिकायत कोतवाली थाना पुलिस की और उपद्रव के दौरान हुई तोड़फोड़ से अवगत कराया। घायल और उसके साथ आए लोगों के नाम पते सामने नहीं आए थे। कोतवाली थाना प्रभारी दीनबंधु सिंह तोमर ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरो से पहचान के बाद तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

### ऑटो और बाइक में हुई थी भिड़ंत




बताया जा रहा है कि कार्तिक मेला ग्राउंड के आसपास बाइक और ऑटो के बीच भिड़ंत हुई थी जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल हुए थे जिन्हें दूध वाहन से चरक अस्पताल तक कल लाया गया था। मामले में महाकाल थाना पुलिस भी दुर्घटना की जानकारी जुटा रही है जिसके बाद घायलों को उनके साथ आए लोगों की पुष्टि हो जाएगी। घायलों के बयान दर्ज होने पर उनके परिचित और परिजनों का भी खुलासा हो जाएगा। चरक भवन में पहले भी कई बार इस तरह का उपद्रव घायल और मरीजों के परिजन कर चुके हैं। शासकीय संपत्ति का नुकसान होने पर पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज किए हैं लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने पर चरक भवन में घटनाएं नहीं थम रही है।

### निगम द्वारा थैला बैंक एवं ह्लबर्तन बैंकह्व के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए अभियान

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में प्रभावी पहल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निदेर्शानुसार शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग को कम करने तथा पर्यावरण हितैषी विकल्पों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहरभर में ह्लथैला बैंकह्व एवं ह्लबर्तन बैंकह्व स्थापित किए गए हैं। इन बैंकों का संचालन निगम की सहयोगी एनजीओ संस्थाओं द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं रहवासी इलाकों में किया जा रहा है।

नगर निगम की इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों एवं पुनः उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग के लिए प्रेरित करना है, जिससे शहर में प्लास्टिक कचरे की मात्रा को कम किया जा सके तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण का निर्माण हो सके। थैला बैंक के माध्यम से नागरिकों को कपड़े के थैले उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं बर्तन बैंक के माध्यम से






सामाजिक, पारिवारिक एवं सार्वजनिक आयोजनों में स्टील एवं अन्य पुनः उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा इन दोनों पहलों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समय-समय पर रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है तथा उन्हें वैकल्पिक एवं टिकाऊ साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। विभिन्न बाजारों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं आयोजनों में पहुंचकर नागरिकों को कपड़े के थैलों तथा पुनः उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### वर्तमान में कुल 7 थैला बैंक एवं 5 बर्तन बैंक संचालित

नगर निगम द्वारा दी शहर में वर्तमान में कुल 7 थैला बैंक एवं 5 बर्तन बैंक संचालित किए जा रहे हैं। थैला बैंकों के माध्यम से अब तक 4800 कपड़े के थैलों का निःशुल्क वितरण एवं 1400 थैलों का विक्रय किया जा चुका है। वहीं बर्तन बैंकों के माध्यम से 110 परिवारों एवं संस्थाओं द्वारा विभिन्न आयोजनों हेतु बर्तनों का उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से थैला बैंक हेतु 206 तथा बर्तन बैंक हेतु 83 जनजागरूकता अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा कपड़े के थैलों एवं पुनः उपयोग योग्य बर्तनों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा

### इंदौर कलेक्टर बने फेम इंडिया मैगजीन के स्टार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 सर्वेक्षण के प्रारंभिक परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसमें मप्र से इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ ही जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, सतना कलेक्टर सतीश कमार, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह और भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह है।

सर्वे में देशभर के करीब 800 जिलों में कार्यरत जिलाधिकारियों और डिप्टी कमिश्नरों के कामकाज, प्रशासनिक क्षमता और जनसेवा से जुड़े कार्यों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद लगभग 100 अधिकारियों को प्रारंभिक सूची में शामिल किया गया है।

### 15 मिनट पानी की सप्लाई वो भी गंदा, लोग परेशान

# कृत्रिम जल संकट को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर में गंभीर बांध में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के बावजूद पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। जलापूर्ति में अनियमितता, कम दबाव और दूषित पानी की शिकायतों को लेकर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

पार्षदों ने बताया कि शहर के कई क्षेत्रों, विशेषकर सड़क चौड़ीकरण प्रभावित इलाकों में स्थिति बेहद खराब है। कई जगहों पर नलों में दिनों तक पानी नहीं आ रहा, जबकि जहां सप्लाई हो रही है वहां केवल 15 मिनट पानी मिल रहा है और वह भी गंदा। मजबूरी में नागरिक पानी खरीदने को विवश हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शहर की पानी की टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भरी जा रहीं, जिससे सप्लाई का दबाव कम हो रहा है। वहीं कई कॉलोनियों में पेयजल पाइपलाइनें फूटी होने के बावजूद उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही। पार्षदों ने यह भी कहा कि वार्डों में नए बोरिंग कार्य निविदा प्रक्रिया अटकने से शुरू नहीं हो पा रहे हैं।

कांग्रेस पार्षदों ने निगम प्रशासन से हैंडपंप खनन, खराब मोटरों के सुधार और नई मोटरें लगाने की मांग की।

# री-नीट की चुनौती पर विशेषज्ञों का मास्टर प्लान

### घबराने के बजाय समझदारी और रणनीति के साथ तैयारी करना जरूरी है-रिशांक दीक्षित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को लेकर सामने आए पेपर लीक विवाद के बाद



परीक्षा रद्द होने से लाखों विद्यार्थियों के भविष्य पर असमंजस की स्थिति बन गई है। महीनों की मेहनत और लगातार तैयारी के बाद परीक्षा देने वाले छात्र अब संभावित री-नीट की तैयारी में दोबारा जुटने को मजबूर हैं। परीक्षा रद्द होने की खबर के बाद विद्यार्थियों में तनाव और चिंता लगातार बढ़ रही है। सबसे बड़ी चुनौती कम समय में दोबारा पूरी तैयारी करने की है।

विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने लंबे समय तक कड़ी मेहनत कर परीक्षा दी थी और कई छात्र अपने प्रदर्शन को लेकर संतुष्ट भी थे, लेकिन अब दोबारा परीक्षा होने की संभावना ने मानसिक दबाव बढ़ा दिया है। छात्रों को इस बात की भी चिंता सता रही है कि री-एग्जाम का पेपर पहले से अधिक कठिन हो सकता है, जिसका सीधा असर उनकी रैंक और मेडिकल कॉलेज में एडमिशन पर पड़ेगा। 21 जून से री-नीट आयोजित होगी ।




कोचिंग विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय घबराने के बजाय समझदारी और रणनीति के साथ तैयारी करना जरूरी है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से दूर रहते हुए अपनी पुरानी पढ़ाई को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। विशेषज्ञ रिशांक दीक्षित के अनुसार छात्रों को अपनी पढ़ाई को दो हिस्सों में बांटना चाहिए। पहले हिस्से में पुराने विषयों का रिवीजन करें, जबकि दूसरे हिस्से में ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस टेस्ट हल करें। इससे विषयों पर पकड़ मजबूत होगी और आत्मविश्वास भी बना रहेगा। विद्यार्थी घर पर भी परीक्षा जैसा माहौल बनाकर तैयारी करें।

लगातार तीन घंटे तक टेबल-कुर्सी पर बैठकर मॉक टेस्ट देने की आदत डालें, ताकि वास्तविक परीक्षा के दौरान एकाग्रता बनी रहे। उनका कहना है कि केवल टेस्ट देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हर टेस्ट के बाद उसका विश्लेषण करना भी जरूरी है। छात्र यह पहचानें कि किस विषय या टॉपिक में वे कमजोर हैं और फिर उसी के अनुसार तैयारी करें। जिन सवालों में परेशानी आ रही है, उन्हें तुरंत शिक्षकों की मदद से समझना चाहिए। शिक्षकों का मानना है कि इस समय नई चीजें पढ़ने की बजाय पुराने कॉन्सेप्ट मजबूत करना ज्यादा जरूरी है। लगातार प्रैक्टिस और बेहतर टाइम मैनेजमेंट से कम समय में भी अच्छा स्कोर हासिल किया जा सकता है।

नीट परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण विषय बायोलॉजी को माना जाता है। परीक्षा में बायोलॉजी से 360 अंक के प्रश्न पूछे जाते हैं, जो कुल पेपर का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा होता है। वहीं फिजिक्स और केमिस्ट्री से 180-180 अंक के प्रश्न आते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि विद्यार्थी बायोलॉजी पर मजबूत पकड़ बनाए रखें और फिजिक्स-केमिस्ट्री में नियमित अभ्यास करते रहें तो री-नीट में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। दूसरी ओर, परीक्षा रद्द होने की खबर से कई विद्यार्थी मानसिक रूप से परेशान भी नजर आ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि छात्रों को नकारात्मक सोच से बचना चाहिए। पर्याप्त नींद, संतुलित दिनचर्या और सकारात्मक माहौल बनाए रखना इस समय बेहद जरूरी है। परिवार की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, ताकि विद्यार्थी तनाव में आने के बजाय आत्मविश्वास के साथ दोबारा परीक्षा की तैयारी कर सकें।

# बस में हुई मासूम अनय की मौत ने खोली व्यवस्था की पोल

### पीड़ित परिवार के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट और समाजजनों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

प्रदेश में निजी बसों की बदहाल व्यवस्था और परिवहन विभाग की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इंदौर से ग्वालियर-शिवपुरी जा रही एक निजी इंटरसिटी बस में लगी भीषण आग ने चार वर्षीय मासूम अनय जैन की जान ले ली। इस हृदयविदारक घटना के बाद शहर में भारी आक्रोश है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

15 और 16 मई की दरमियानी रात निजी इंटरसिटी बस क्रमांक एमपी 07 जेड एल 9090 इंदौर से ग्वालियर- शिवपुरी के लिए रवाना हुई थी। बस में इंदौर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट अभिषेक जैन और चार्टर्ड अकाउंटेंट मिनी जैन अपने मासूम पुत्र अनय जैन के साथ यात्रा कर रहे थे। मक्सी स्थित जैन पथ होटल के सामने बस में अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें मासूम अनय गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार यात्रा के दौरान बस में लगातार तार जलने जैसी बदबू आ रही थी।



यात्रियों ने कई बार ड्राइवर और बस स्टाफ को इसकी जानकारी दी, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि स्टाफ ने बस रोककर तकनीकी जांच कराने के बजाय यात्रियों को आश्वासन देकर यात्रा जारी रखी। दिगंबर समाज के गोलू जैन ने बताया कि शिकायतों के बावजूद चालक और परिचालक ने कोई पहल नहीं की। हालात बिगड़ने पर बस को मक्सी स्थित जैन पथ होटल के सामने खड़ा कर दिया गया, लेकिन इसके बाद चालक और स्टाफ यात्रियों को असहाय छोड़ मौके से फरार हो गए।

### सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन

यात्रियों का आरोप है कि बस में सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा था। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तकनीकी खराबी को गंभीरता से लिया जाता और बस में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम होते, तो मासूम की जान बचाई जा सकती थी। उल्लेखनीय की इंटरसिटी बस सर्विस की पांच बसों में पिछले दिनों तीन इमली चौराहा स्थित बस स्टॉप पर खड़े-खड़े अचानक ही आग लग गई थी। इस घटना के बाद भी बस संचालक ने अपनी अन्य बसों पर ध्यान नहीं दिया जिसका खामियाजा एक बच्चे की मौत से भुगतना पड़ा। घटना को लेकर कल चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन और सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन देकर मांग की है कि बस मालिक, चालक, परिचालक और संबंधित परिवहन अधिकारियों पर आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया जाए।

### परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल

पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश सहित देशभर में चलती बसों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद परिवहन विभाग की ओर से निजी बसों की फिटनेस और सुरक्षा जांच को लेकर कोई कठोर व्यवस्था नजर नहीं आती। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर बिना पर्याप्त सुरक्षा मानकों और तकनीकी जांच के ऐसी बसों को संचालन की अनुमति कैसे मिल जाती है? यदि बस में बार-बार तकनीकी खराबी के संकेत मिल रहे थे, तो उसका फिटनेस प्रमाणपत्र केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।

## न्यूज कालम



### लायंस क्लब द्वारा रेहड़ी पटरी वालों को धूप से बचाव हेतु छातों का वितरण

**सनावद।** दिन भर तपती धूप में ठेले आदि और रोड़ साइड दुकान लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों को धूप से बचाव हेतु छाता वितरण किया गया 30 से अधिक छोटे बड़े छाते फल-फ्रूट,रेहड़ी,झाड़ू व्यवसाय,मोची,मटके बेचने वाले आदि विभिन्न व्यवसाय के लोगो को लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मुश्ताक मलिक के सौजन्य से वितरित किए गए।मेरा भारत महान,सनावद बनेगा नंबर वन और सबसे बड़ा धर्म इंसानियत आदि स्लोगन रंग-बिरंगे छातों पर लिखे हुए थे।। छाते प्राप्त करने वाले लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की एवं दुआएं दी।।अंजुमन चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी सदस्य एवं अंजुमन सदर शाकिरिन शेख, सेक्रेट्री जर्रार पेंटर,क्लब संस्थापक जाकिर हुसैन अमी जन्मदिन की सदस्यों द्वारा बधाई दी गई।कोषाध्यक्ष डॉ राजेंद्र पलौड़, वरिष्ठ लायन रमेश जोशी,सचिव हरीश पुरोहित, वसीम खान,फिरोज अंसारी,द्वारका प्रसाद,जिया शेख आदि उपस्थित थे।

### मोबाइल टावरों से केबल चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार



**नेपानगर।** खुद को बीएसएनएल का अधिकारी बताकर दिनदहाड़े मोबाइल टावरों से केबल चोरी करने वाले शातिर चोरों को नेपानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग डेढ़ लाख रुपए की चोरी की केबल बरामद की गई है। शातिर चोरों द्वारा नेपानगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दिनदहाड़े बीएसएनएल के टावरों पर पहुंचकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर बीएसएनएल विभाग के अधिकारियों द्वारा नेपानगर थाने में शिकायत की गई थी। नेपानगर पुलिस ने ग्रामीणों से मिली जानकारी एवं वीडियो के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्रीमती ज्ञानु जयसवाल ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

### जगदंबा मंदिर के स्थापना दिवस पर आज होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**खंडवा।** जगत जननी मां जगदम्बे मैय्या जी के मंदिर 17 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को प्रातः काल मंदिर की पुजारी राजेश चोरै द्वारा मां का श्रृंगार अभिषेक एवं हवन आयोजित होगा साथ ही कन्या भोज एवं प्रसादी का वितरण भी होगा। एवं रात्रि में महा आरती के साथ सुंदरकांड का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अरुण भट्ट एवं पदाधिकारी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से मंदिर की स्थापना दिवस पर दर्शन करने हेतु अनुरोध किया हें।

### कर्तव्य के प्रति लापरवाह आउटसोर्स कर्मी को सेवा से हटाया गया

**बड़वानी ।** जिला चिकित्सालय बड़वानी में 19 मई को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज खन्ना द्वारा सम्पूर्ण कक्षो का औचक निरीक्षण करने पर पाया कि चिकित्सालय के इमरजेंसी कक्ष में कार्यरत महेन्द्र सोलंकी आउटसोर्स सफाई कर्मी द्वारा कार्य में की जा रही लापरवाही एवं दिये गये निदेशों के पालन नहीं करने पर उक्त कर्मी को तत्काल प्रभाव से पृथक दिया गया है।

### आदर्श महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश की शासन की रोजगारोन्मुखी योजना अंतर्गत युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्रति मंगलवार को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत मंगलवार 19 मई को शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ गजेंद्र सिंह पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से अवसर प्रदान कर रहा है। बड़वानी जिले के युवाओं में असीम ऊर्जा और अद्भुत क्षमता है हमारे युवा जहां भी जाते हैं अपने क्षेत्र को गौरान्वित करते हैं।युवा संगम रोजगार मेले में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने रोजगार मेले में आये युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रति मंगलवार होने वाले युवा संगम मेले के लिए सेतु का काम करें।

### किसानों के हक की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 21 मई को

**खंडवा/मुंदी।** खंडवा-मुंदी मार्ग की जर्जर हालत एवं किसानों के हक-अधिकारों को लेकर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा 21 मई गुरुवार को विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे न्यू बस स्टैंड, मुंदी में होगा। आयोजकों के अनुसार धरना-प्रदर्शन भाजपा सरकार की वादा खिलाफी, किसानों की समस्याओं की अनदेखी और सरकार की मनमानी नीतियों के विरोध में किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि खंडवा-मुंदी सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में है, जिससे आम नागरिकों, किसानों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से सड़क निर्माण, किसानों को राहत एवं विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सरकार तक आवाज पहुंचाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, कांग्रेस कार्यकताओं एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।प्रदेश किसान कांग्रेस के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में विधानसभा क्षेत्र मांधाता के समस्त कांग्रेसजन एवं किसान संगठनों की सहभागिता रहेगी।

# शहर में इन दिनों पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी

## नगर में जल प्रबंधन की व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

नर्मदा नदी के किनारे बसे शहर में इन दिनों पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। शहर में एक दिन छोड़कर जल वितरण किया जा रहा है जिससे लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि नर्मदा नदी में भरपूर पानी उपलब्ध होने के बाद भी नगर वासियों को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल पा रही है।शहर के विभिन्न वार्डों में महीने में 15 दिन ही पानी की सप्लाई हो रही है जबकि नगर पालिका द्वारा जलकर पूरे महीने का वसूला जा रहा है। इस स्थिति को लेकर लोगों का कहना है कि जब पानी आधे महीने ही मिल रहा है तो टैक्स भी उसी अनुपात में लिया जाना चाहिए।

गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच जल संकट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई क्षेत्रों में लोगों को पानी संग्रहित करने के लिए रातभर इंतजार करना पड़ता है। वहीं कुछ मोहल्लों में कम प्रेशर के कारण पर्याप्त पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है।

महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का आरोप है कि जल वितरण व्यवस्था में सही मॉनिटरिंग नहीं होने, पाइप लाइनों की लीकेज व समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका जल वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए प्रतिदिन या कम से कम नियमित अंतराल में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करे। साथ ही जलकर में भी पारदर्शिता लाई जाएं। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर द्वारा ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है वहीं दूसरी और शहर में जल संकट भयावह रूप लेता दिखाई दे रहा है।

नगर के कई वाडों में एक दिन छोड़कर की जा रही जल सप्लाय ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश दिए है कि पेयजल से जुड़ी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएं और ग्रीष्मकाल में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति हो। लेकिन नगर में सुबह होते ही पानी भरने के लिए बर्तनों की कतारें लग रही हैं। कई क्षेत्रों में पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच रहा, कहीं सप्लाई का समय बेहद कम है तो कहीं नलों में पानी ही नहीं आ रहा। समस्या के निराकरण के बताएं उपाय पाइप लाइन लीकेज की जांच और सुधार, शहर की पुरानी व क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की तत्काल जांच कर लीकेज बंद किए जाएं जिससे पानी की बबार्दी रोकी जा सके, नियमित जल वितरण शेड्यूल बनाया जाएं, नगर पालिका को वार्डवार निश्चित समय सारणी जारी कर नियमित जल वितरण सुनिश्चित करना चाहिए, अतिरिक्त पानी टंकियों का निर्माण, बढ़ती आबादी को देखते हुए नई पानी टंकियों व स्टोरेज व्यवस्था का विस्तार किया जाएं।

मोटर और फिल्टर प्लांट की मॉनिटरिंग, जलप्रदाय केंद्रों पर मोटर, पंप व फिल्टर प्लांट की नियमित निगरानी और रखरखाव किया जाएं। जलकर में पारदर्शिता लाई जाएं। यदि महीने में सीमित दिनों तक ही पानी दिया जा रहा है तो लोगों को राहत देने के लिए जलकर में आंशिक छूट या समायोजन पर विचार किया जाएं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त बैठक ली जाएं, नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों व लोगों की संयुक्त बैठक आयोजित कर स्थाई समाधान निकाला जाएं। जल सरंक्षण अभियान को बढावा दिया जाएं। घरों व सार्वजनिक स्थानों पर जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर भविष्य के जल संकट को कम किया जा सकता है। प्रभावित वार्डों में टैंकर व्यवस्था शुरू की जाएं। अन्यथा लोगों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।नपा की जलप्रदाय शाखा के अनुसार नगर में पेयजल की योजना वर्ष 2010 की है। जिसके बाद से अभी तक 16 सालो में जनसंख्या बढी है, कॉलोनियों का विस्तार हो चुका है ऐसी स्थिति में पुरानी लाइन से पूरे शहर को सप्लाय कर पाना मुश्किल हो रहा है। 40 प्रतिशत नर्मदा व 60 प्रतिशत कुओं से होती है आपूर्ति शहर में पेयजल वितरण की व्यवस्था नर्मदा व स्थानीय कुओं पर निर्भर है। जिसमें नर्मदा से 40 प्रतिशत व 60 प्रतिशत कुंओं से जल आपूर्ति होती थी लेकिन कुंओ का जलस्तर कम हो गया है और अब 20 प्रतिशत ही मिल पा रहा है। उसमें भी यही बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो 10 प्रतिशत की कमी आ जाती है ऐसी स्थिति में नर्मदा व कुंओ से मिलाकर 50 प्रतिशत ही पूर्ति हो पाती है जिसके कारण शहर में एक दिन छोडकर पेयजल वितरण किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत जल्द ही काम पूरा होने वाला है जिससे पानी की समस्या आगामी कई वर्षो तक के लिए खत्म हो जाएगी।

# सनावद एवं बड़वाह क्षेत्र में नहरों में पानी छोड़ने से किसानों में हर्ष की लहर व्याप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

सनावद एवं बड़वाह क्षेत्र में नहरों में पानी छोड़ने से किसानों में हर्ष की लहर व्याप्त है।नहरों में पानी आने के साथ ही किसानों ने खेतों में नगदी फसलों मिर्ची और कपास की बोनी प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय है कि किसानों ने विधायक सचिन बिरला से ओंकारेश्वर परियोजना बाईं तट की नहरों में नर्मदा का जल छोड़ने की मांग की थी। इस तारतम्य में विधायक ने मुख्य अभियंता निचली नर्मदा परियोजना,अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल क्रमांक-11खेड़ीघाट बड़वाह एवं कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-8 सनावद को पत्र प्रेषित कर ओंकारेश्वर परियोजना बाईं तट की नहरों में शीघ्र पानी छोड़ने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि भीषण गर्मी के कारण जलस्त्रोत कुएं,बावड़ी और तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं।

जलस्त्रोत सूखने और नहरों में पानी नहीं आने के कारण किसानों को खेतों में बोनी के लिए जल नहीं मिल पा रहा है और ग्रामों में पेयजल की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है और पशुधन और पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे हैं। इसलिए नहरों में पानी छोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है।

इसी प्रकार विधायक ने बड़वाह क्षेत्र के किसानों के लिए ओंकारेश्वर नहर परियोजना की नहरों में नर्मदा का जल छोड़ने के लिए मुख्य अभियंता, निचली नर्मदा परियोजना इंदौर,अधीक्षण यंत्री, नर्मदा विकास मंडल क्रमांक-11 खेड़ीघाट बड़वाह एवं कार्यपालन यंत्री,नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32 बड़वाह को पत्र लिखा था। इसके बाद ओंकारेश्वर नहर परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत नहरों में नर्मदा जल छोड़ दिया गया।

# सांसद पटेल ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



शासकीय आदर्श महा विद्यालय, करी में मंगलवार को युवा संगम (रोजगार मेला) एवं सांसद अभियान हर ग्राम, एक काम (ग्रामहिते राष्ट्रहित) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री गजेंद्रसिंह पटेल ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें कौशल आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है और उनकी सक्रिय सहभागिता से गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सांसद पटेल द्वारा चलाये जा रहे सांसद अभियान हर ग्राम, एक कामज्ज के उद्देश्य, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं ग्राम विकास में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।

चयनित ग्रामों में सर्वे, जन-जागरूकता एवं विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कर ग्राम विकास को गति देने की बात भी कही गई। सांसद श्री पटेल ने कहा कि च्ग्रामहिते राष्ट्रहितम्ज्ज की भावना के साथ चलाया जा रहा यह अभियान गांवों के समग्र विकास एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## बुरहानपुर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली

# अब हर सप्ताह मिलेंगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की निःशुल्क सेवाएं

## विधायक की पहल से जलगांव के विशेषज्ञ डॉक्टर जिला अस्पताल में देंगे परामर्श

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए इंदौर, मुंबई या जलगांव के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की पहल पर अब जिला चिकित्सालय में हर सप्ताह सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**जलगांव मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर देंगे सेवाएं**

श्रीमती चिटनिस के प्रयासों से महाराष्ट्र के जलगांव स्थित उल्हास पाटिल मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक अब प्रति सप्ताह बुरहानपुर जिला अस्पताल में मरीजों की जांच करेंगे। इनमें त्वचा रोग, नाक-कान-गला रोग, मानसिक रोग, हृदय रोग, किडनी रोग समेत अन्य विभागों के विशेषज्ञ शामिल हैं।

**मरीजों का बचता था हजारों का खर्च**

अब तक जिले के मरीजों को विशेषज्ञ इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहां डॉक्टर की फीस, जांच, दवाइयां, यात्रा और रहने-खाने पर हजारों रुपये खर्च हो जाते थे। आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई मरीज तो खर्च के कारण समय पर इलाज नहीं करा पाते थे।

**जिला अस्पताल में शुरू हुई ओपीडी**

गत दिवस जिला चिकित्सालय में 3 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। बड़ी संख्या में मरीजों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मरीजों और परिजनों ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**हेल्प डेस्क से मिलेगी जानकारी**

जिला चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि आने वाले समय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या और सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां से इलाज और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी ली जा सकती है।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि जिला अस्पताल का लगातार निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए थे। उसी का सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहा है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### बैकुंठनाथ लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ प्रारंभ

**मंडलेश्वर।**अधिक मास के अवसर पर नर्मदा तट स्थित ब्राह्मण घाट पर सात दिवसीय बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ मंगलवार से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। उज्जैन के श्री श्री 1008 रामेश्वरदास फलाहारी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में किए जा रहे महायज्ञ के पहले दिन सुबह मां नर्मदा का पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण घाट से कलश यात्रा शुरू हुई। जोकि काशी विश्वनाथ मंदिर, कहार मोहल्ला, राम मंदिर, राम घाट होते हुए पुनः आयोजन स्थल ब्राह्मण घाट यात्रा पहुंची। इस अवसर पर महंत राघवदास जी त्यागी हनुमान आश्रम चिनगुन (करही), गुलवाड़ वाले विजय रामदास महाराज, चोली के प्रीतमपुरी जी महाराज के अलावा कई संत आयोजन में शामिल हुए। श्री श्री 1008 रामेश्वरदास फलाहारी महाराज ने कहा अधिकमास में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यह मास केवल धर्म-कर्म और ईष्ट आराधना हेतु है। सनातन परंपरा में इतने बड़े यज्ञ केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज, पर्यावरण की शुद्धि और विश्व शांति के लिए किए जाते हैं।

# केमिस्ट दुकाने आज 20 मई को बंद रहेगी लेकिन इस दौरान आवश्यक दवाइयां मिलेगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, जिला नीमच द्वारा 20 मई को 1 दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद/हड़ताल के दौरान जिले के समस्त औषधि विक्रेताओं द्वारा प्रतिष्ठान बंद रखे जाने की सूचना दी गई है।जनहित को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला नीमच द्वारा निम्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं: जनऔषधि केंद्र खुले रहेंगे बंद के दौरान जिले में संचालित समस्त प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र नियमित रूप से खुले रहेंगे। अस्पतालों में दवा उपलब्धता जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की सहमति अनुसार नीमच जिले के सभी प्राइवेट अस्पताल परिसर में संचालित मेडिकल स्टोर्स अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। आपातकालीन व्यवस्था हेतु चिन्हित मेडिकल स्टोर्स बाह्य रोगियों एवं जनता के लिए आपातकालीन व्यवस्था हेतु निम्न मेडिकल स्टोर्स खुले रहेंगे। शहर के निजी आशा हॉस्पिटल, चोरडिया हॉस्पिटल, सुयश हॉस्पिटल, गर्ग हॉस्पिटल, पाटीदार बाल चिकित्सालय, पोरवाल चिकित्सालय, श्री राम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं उषा चिकित्सालय परिसर में संचालित मेडिकल स्टोर इमरजेंसी में दवाइयां उपलब्ध करवाएंगे। वही जिले के : सिंगोली में रवि मेडिकल स्टोर्स, झांतला में धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर, रतनगढ़ में हकिमिया मेडिकल स्टोर, मोरवन में सोनी मेडिकल स्टोर, डीकेन में माहेश्वरी मेडिकल स्टोर, सरवानिया महाराज में दीपक मेडिकल, जावद में कमल केमिस्ट, नयागांव में अंकुर मेडिकल स्टोर्स, मनासा में पाटीदार मेडिकल्स एवं सहयोग मेडिकल, पर दवाएं उपलब्ध रहेगी।

# होमगार्ड लाईन में अग्नि सुरक्षा एवं सीपीआर का प्रशिक्षण सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



संभागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं डीआईजी उज्जैन रेंज श्री नवनीत भसीन के निदेर्शानुसार उज्जैन के विभिन्न कार्यालयों एवं बंगलों पर गार्ड सुरक्षा में तैनात होमगार्ड एवं पुलिस जवानों को अग्नि सुरक्षा व मेडिकल इमरजेंसी (सीपीआर) का ०१ दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को जिला सेनानी होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट के मार्गदर्शन में होमगार्ड लाईन उज्जैन में संचालित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जवानों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपाय, आग के प्रकार एवं फायरएग्जीग्यूशर का किस प्रकार उपयोग करना है, इसका प्रशिक्षण एसडीईआरएफ एवं नगर निगम की फायर टीम के द्वारा दिया गया। साथ ही घायल व्यक्ति को किस स्थिति में व किस प्रकार सीपीआर देना है, इसका प्रशिक्षण भी पुलिस / होमगार्ड सुरक्षाकर्मियों को एसडीईआरएफ टीम उज्जैन के द्वारा दिया गया।

जिला सेनानी श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि उक्त ०१ दिवसीय प्रशिक्षण में ४० जवान सम्मिलित हुये। अन्य जवानों को आगामी दिवस में अग्नि सुरक्षा एवं सीपीआर के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। जवानों के प्रशिक्षण में प्लाटून कमाण्डर श्री दिलीप बामनिया, सुबेदार श्री निमेश मालवीय, प्लाटून कमाण्डर श्री पुष्पेन्द्र त्यागी, ए.एस.आई. श्री बी.एल. सारेल, सैनिक श्री पंकज मण्डलोई एवं फायरमैन श्री पंकज चौहान उपस्थित रहे।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में पंचायत एवं नगरीय निकाय फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम २००६ के अंतर्गत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम श्री संतोष टैगोर एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित थें।

बैठक में जिले के अंतर्गत विकासखण्डवार ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों और नगरीय निकायों की सामान्य जानकारी प्रदान की गई। उज्जैन जिले में कुल 6 विकास खण्ड है तथा 8 नगरीय निकाय हैं। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन विगत 15 मई को कर दिया गया है। इसके अनुसार उज्जैन जिले में कुल 609 ग्राम पंचायतों में 9 लाख 58 हजार 784 मतदाता हैं। इनमें 4 लाख 84 हजार 563 पुरूष एवं 4 लाख 74 हजार 207 महिलाएं व 14 अन्य मतदाता है।इसी प्रकार नगरीय निकायों में कुल 192 वॉर्ड है। इनमें मतदाता सूची के 15 मई को किये गए प्रारूप प्रकाशन की स्थिति में 6 लाख 96 हजार 993 मतदाता हैं। इनमें 3 लाख 47 हजार 585 पुरुष, 3 लाख 49 हजार 347 महिलाएं व 61 अन्य मतदाता हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत आगामी 25 मई को दोपहर 3 बजे तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। दावे आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि शनिवार 30 मई निर्धारित की गई है। आगामी 18 जून को नगरीय निकाय एवं पंचायतों की अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का निर्धारित विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। डुप्लीकेट मतदाताओं के निराकरण के दौरान विवादित प्रकरणों के निराकरण के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को जिला स्तरिय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। फोटो मतदाता सूची के साथ ही आयोग के निदेर्शानुसार नगरीय निकाय एवं पंचायत वार डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराई जा रही है इसमें ऐसे मतदाताओं की जानकारी होगी जिनके नाम मतदाता सूची में 2 या अधिक स्थानों पर दर्ज है।मतदान केंद्र युक्तियुक्तकरण के दौरान मतदाताओं की संख्या के आधार पर नगर पालिका निगम उज्जैन में 6 नवीन मतदान केंद्र बनाए गए है। विगत प्रकाशन के दौरान नगर पालिका निगम में 568 मतदान केंद्र थे। वर्तमान प्रारूप प्रकाशन के दौरान 574 मतदान केंद्र बनाये गए है। पंचायतों और नगरीय निकायों में दावे आपत्तियों के लिए परिवर्धन दावा विलोपन आपत्ति और संशोधन आपत्ति (प्रारूप श्वक्र-3) में दर्ज की जा सकेगी।

### खाद वितरण केंद्र की दूरी कम करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खंडवा**। मांधाता विधानसभा क्षेत्र के किसानों को खाद प्राप्त करने में हो रही परेशानियों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी के नेतृत्व में मंगलवार 19 मई को कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए खाद वितरण केंद्र की दूरी कम करने की मांग की गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मांधाता विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव भोगांवा, मोरटक्का माफी, कोठी, बिल्लोरा बुजुर्ग, मोरघड़ी, धावड़िया, सुलगांव, कटार, इनपुन, निमाड़खेड़ी एवं बिल्लोरा खुर्द सहित कई गांवों के किसानों को वर्तमान में खाद प्राप्त करने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार इन गांवों के लिए खाद वितरण केंद्र मूंदी में निर्धारित किया गया है, जिसकी दूरी संबंधित गांवों से लगभग 50 से 70 किलोमीटर तक है। इतनी लंबी दूरी तय करने से किसानों का समय और परिवहन खर्च दोनों बढ़ रहे हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# जब स्वामी विवेकानंद भी अपने आंसुओं को न रोक पाए



स्वामी विवेकानंद एक बार एक रेलवे स्टेशन पर बैठे थे उनका अयाचक (ऐसा व्रत जिसमें किसी से मांग कर भोजन नहीं किया जाता) व्रत था। स्वामी विवेकानंद एक बार एक रेलवे स्टेशन पर बैठे थे उनका अयाचक (ऐसा व्रत जिसमें किसी से मांग कर भोजन नहीं किया जाता) व्रत था। वह व्रत में किसी से कुछ मांग भी नहीं सकते थे। एक व्यक्ति उन्हें चिढ़ाने के लहजे से उनके सामने खाना खा रहा था। स्वामी जी दो दिन से भूखे थे और वह व्यक्ति कई तरह के पकवान खा रहा था और बोलता जा रहा था कि बहुत बढ़िया मिठाई है। विवेकानंद ध्यान की स्थिति में थें और अपने गुरुदेव को याद कर रहे थे। वह मन ही मन में बोल रहे थे कि गुरुदेव आपने जो सीख दी है उससे अभी भी मेरे मन में कोई दुख नहीं है। ऐसा कहते विवेकानंद शांत बैठे थे। दोपहर का समय था। उसी नगर में एक सेठ को भगवान राम ने दर्शन दिए और कहा कि रेलवे स्टेशन पर मेरा भक्त एक संत आया है उसे भोजन करा कर आओ उसका अयाचक व्रत है जिसमें किसी से कुछ मांग कर खाना नहीं खाया जाता है तो आप जाओ और भोजन करा कर आओ। सेठ ने सोचा यह महज कल्पना है। दोपहर का समय था सेठ फिर से करवट बदल कर सो गया। भगवान ने दोबारा दर्शन दिए और सेठ से कहा कि तुम मेरा व्रत रखते और तुम मेरा इतना सा भी काम नहीं करोगे। जाओ और संत को भोजन करा कर आओ। तब सेठ सीधा विवेकानंद के पास पहुंच गया और वह उनसे बोला कि में आपके लिए भोजन लाया हूं। सेठ बोला में आपको प्रणाम करना चाहता हूं कि ईश्वर ने मुझे सपने में कभी दर्शन नहीं दिए आपके कारण मुझे रामजी के दर्शन सपने में हो गए इसलिए में आपको प्रणाम कर रहा हूं। विवेकानंद की आंख में आंसू आ गए। कि मैनें याद तो मेरे गुरुदेव को किया था। गुरुदेव और ईश्वर की कैसी महिमा है। स्वामी विवेकानंद की आंख के आंसू रुक नहीं रहे थे। तब उन्हें लगा कि गुरु ही ईश्वर हैं।



सम्पादकीय

## युद्ध और आर्थिक संकट

युद्ध करता कोई और है लेकिन नुक्सान झेलते आम लोग और निवेशक हैं यानी जिसकी गलती नहीं, कीमत वो चुकाता है। हाल ही में इजराइल, ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए सैन्य टकरावों ने अन्तर्राष्ट्रीय कानून के तहत बल प्रयोग की वैधता पर बहस को फिर से तेज कर दिया है। हालांकि इस चर्चा का बड़ा हिस्सा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 (4) के पालन पर केंद्रित रहता है लेकिन एक उतना ही महत्वपूर्ण सवाल अक्सर नजरअंदाज हो जाता है–अवैध बल प्रयोग की आर्थिक कीमत कौन चुकाता है? होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के बाद से आशंका जताई जाती रही है कि भारत में भी तेल और गैस की कमी हो सकती है। देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं–रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डवलपमेंट बैंक ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। वैसे भी भारत अब विश्व की चौथी नहीं, छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें और भी गिरावट के आसार हैं।

यह मूल्यांकन आसन्न आर्थिक संकट का पहला संकेत है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरूआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने का आयात डॉलर में ही किया जाता है। डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपए में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय रुपया दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने चेतावनी दी है।

### न्यायालय के बाहर संवाद, सहमति और सौहार्द से

# धार्मिक स्थलों के विवादों का समाधान होना चाहिए



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

भारत केवल भौगोलिक विविधताओं का देश नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व, संवाद और सांस्कृतिक समन्वय की महान परंपरा का जीवंत उदाहरण भी है। यहाँ अनेक मत, पंथ और विचारधाराएँ हजारों वर्षों से साथ-साथ विकसित होती रही हैं। सनातन, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं की जन्मस्थली होने के साथ-साथ इस भूमि ने इस्लाम, ईसाई, पारसी और यहूदी समुदायों को भी सम्मान और समान अवसर प्रदान किए हैं। भारतीय संस्कृति मूलतः एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति के सिद्धांत पर आधारित रही है, जिसका अर्थ है,सत्य एक है, किंतु ज्ञानीजन उसे विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त करते हैं।

इतिहास में समय-समय पर उत्पन्न सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय समाज की मूल चेतना समन्वय, सहिष्णुता और संवाद की रही है। यह भी सत्य है कि इतिहास के कुछ अध्याय ऐसे रहे हैं, जिन्होंने सामाजिक समरसता को प्रभावित किया और दीर्घकालिक विवादों को जन्म दिया। देश के विभाजन की त्रासदी के साथ-साथ कुछ धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद भी ऐसे ही संवेदनशील विषय हैं, जो आज भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बने हुए हैं। इन जटिल प्रश्नों का समाधान केवल न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं माना जा सकता; इसके लिए समाज के विभिन्न पक्षों के बीच विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता भी आवश्यक है।

आज के भारत ने यह सिद्ध किया है कि सदियों पुराने धार्मिक-सांस्कृतिक विवादों का समाधान संवैधानिक और कानूनी मर्यादाओं के भीतर रहकर संभव है। राम जन्मभूमि प्रकरण पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। न्यायालय ने ऐतिहासिक दस्तावेजों, पुरातात्विक साक्ष्यों तथा कानूनी तथ्यों के आधार पर निर्णय सुनाया। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह रहा कि निर्णय के बाद देशवासियों ने जिस शांति, संयम और परिपक्वता का परिचय दिया, उसने वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक परिपक्वता और न्यायपालिका की सकारात्मक छवि प्रस्तुत की।




इसी प्रकार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ द्वारा भोजशाला-कमाल मौला परिसर से संबंधित दिए गए निर्णय ने भी इस विषय को पुनः राष्ट्रीय विमर्श में ला खड़ा किया है। न्यायालय ने उपलब्ध पुरातात्विक और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर अपने निष्कर्ष में इसे वाग्देवी का मंदिर माना है । यद्यपि इस निर्णय के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील का संवैधानिक अधिकार सभी पक्षों को प्राप्त है, तथापि यदि ऐसे मामलों में संवाद, सहमति और सामाजिक सौहार्द की भावना को भी स्थान मिले, तो यह भारतीय समाज की परिपक्वता का परिचायक होगा।

वाराणसी और मथुरा से जुड़े प्रकरण वर्तमान में न्यायालयों में विचाराधीन हैं। ये सभी उदाहरण इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि भारतीय समाज विवादों के समाधान के लिए संविधान और न्यायपालिका पर अटूट विश्वास रखता है। ऐसे परिप्रेक्ष्य में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उभरता है कि क्या कुछ अत्यंत संवेदनशील और प्रतीकात्मक धार्मिक स्थलों के संबंध में न्यायिक निर्णयों की प्रतीक्षा करने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सकारात्मक संवाद और आपसी सहमति की संभावनाएँ भी खोजी जा सकती हैं?

यदि विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध और जिम्मेदार प्रतिनिधि सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद की पहल करें तथा उपलब्ध ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों का निष्पक्ष सम्मान करते हुए समाधान की दिशा में आगे बढ़ें, तो यह भारत की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है। किंतु यह भी उतना ही आवश्यक है कि ऐसे किसी भी विमर्श में संवैधानिक मर्यादा, विधि का शासन और सभी नागरिकों की गरिमा सर्वोपरि रहे। किसी भी समाधान का स्थायित्व और उसकी स्वीकार्यता इसी बात पर निर्भर करती है कि वह भय, दबाव या राजनीतिक उन्माद से मुक्त वातावरण में, स्वैच्छिक सहमति और परस्पर सम्मान के आधार पर विकसित हो; क्योंकि किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं, आत्मसम्मान और नागरिक अधिकारों की उपेक्षा करके थोपे गए समाधान स्थायी सामाजिक समरसता स्थापित नहीं कर सकते।

यह निर्विवाद सत्य है कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन की गारंटी देता है। न्यायपालिका विवादों के समाधान का सर्वोच्च संवैधानिक माध्यम है, किंतु न्यायालयों में इस प्रकार के मामलों के अंतिम समाधान में अक्सर बहुत लंबा समय लग जाता है। इसलिए आदर्श स्थिति वही होगी, जहाँ न्यायालय के प्रति सम्मान, धार्मिक प्रमुखों के मध्य संवाद और सामाजिक सहमति के बीच संतुलित सामंजस्य स्थापित हो।

अतीत की कटु स्मृतियों को भविष्य की शत्रुता का आधार बनाने के बजाय उन्हें संवाद, समझ और सामाजिक सामंजस्य के अवसरों में परिवर्तित करना समय की आवश्यकता है। जब समाज के सभी वर्ग राष्ट्रहित, सामाजिक एकता और संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते हुए आगे बढ़ेंगे, तभी देश में वास्तविक और स्थायी प्रगति संभव होगी। ऐसी किसी भी सकारात्मक पहल की सफलता किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक परिपक्वता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना की सामूहिक विजय होगी।

## साहब हम गिरगिट हैं

हवाओं का मिजाज तब नहीं बदला था जब सरहदें खींची गई थीं बल्कि तब बदला जब खुद्दारी को कागजों के चंद टुकड़ों के लिए गिरवी रख दिया गया। शहर के सबसे पुराने कॉफी हाउस में बैठे उस बूढ़े शायर की आंखों में आज भी वही चमक थी जो कभी गंगा की लहरों को देखकर सुभानल्लाह कहा करती थी। वह दौर भी क्या था जब उसकी गजलों में बनारस की सुबह और मथुरा की शाम का नूर टपकता था। उसने कभी लिखा था ऐ पाक जमीं हिन्दुस्तान तेरी अजमत को सलाम, तेरे जर्रे-जर्रे में बसा है रूह का आराम। राजनीति की दीमक ने जब रिश्तों की लकड़ी को चाटना शुरू किया तो वफादारी का चोला रातों रात बदल गया। निष्ठा का बाजार इतना सस्ता हो जाएगा यह किसी ने सोचा न था। आदमी जब अपनी जड़ें काटता है तो सबसे पहले अपनी याददाश्तों का कत्ल करता है। वक्त का पहिया घूमा और वही जुबान जो कभी गुनगुनाती थी सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा अब जहर उगलने लगी थी। देशभक्ति की परिभाषा जब भूगोल के आधार पर बदलने लगे तो समझ लेना चाहिए कि इंसानियत ने खुदकुशी कर ली है।

इतिहास के पन्नों पर स्याही की जगह खून गिराने वाले ये फनकार बड़े अजीब होते हैं जो एक ही कलम से सजदा और गाली दोनों लिख सकते हैं। उसी शायर ने विभाजन के बाद जब लाहौर की गलियों में अपनी नई पहचान तलाशी तो कल तक जो जमीन उसकी माँ थी वह अचानक सौतेली हो गई। उसने शेर पढ़ा वह दौर अंधेरों का था जहाँ हम रोशनी ढूँढ रहे थे, अब मिली है मंज़िल जहाँ नया आसमाँ देख रहे हैं। गिरगिट भी शायद उस रफ्तार से रंग नहीं बदलता होगा जिस रफ्तार से शायरों के तखल्लुस बदल गए। अवसरवादिता की चादर ओढ़कर जब कोई सत्य का गला घोंटता है तो फरिश्ते भी अपना चेहरा छिपा लेते हैं। जमीर को जब तिजोरी में बंद कर दिया जाए तो अल्फाज सिर्फ शोर मचाते हैं अर्थ खो देते हैं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 मई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:48 सूर्यास्त 18:59
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - चतुर्थी 11:07 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - आर्द्रा 06:12 उपरांत पुर्नवशु 04:12 उपरांत पुष्य
योग - शूल 14:10 उपरांत गण्ड करण - विष्टि
चन्द्रमा - मिथुन में है। 22:39 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 02 तारिख

**मेष-** उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**वृषभ-** कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन-** भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**कर्क-** प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह-** व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**कन्या-** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला-** नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा।

**धनु-** महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें।

**मकर-** रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ-** परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी।स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा।

**मीन-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

सरोकार

## आखिर क्यों दिनोंदिन बढ़ रही है अपहरण की घटनाएँ ?



डॉ. चन्दर सोनाने
(दैनिक अवन्तिका)

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो द्वारा हाल ही में जारी आँकड़ों के अनुसार पिछले 70 साल में 20 लाख अपहरण के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। किन्तु इसमें चैंकाने वाली बात यह है कि इन आँकड़ों में से 11 लाख अपहरण केवल पिछले 10 सालों में ही बढ़े हैं। यह गंभीर चिंताजनक बात है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के आँकड़ों के अनुसार अपहरण की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि हुई है। देश में अपहरण और लड़कियों को जबरन उठा ले जाने की घटनाएं पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। हाल ही में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक आईएएस एकेडमी की निदेशक के अपहरण और 1 करोड़ 89 लाख रूपए की फिरौती के मामले ने प्रदेश और देश में सुरक्षा व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि वर्ष 1953 से 2024 तक देश में कुल 20 लाख से अधिक अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें चैंकाने वाला तथ्य यह है कि इन सात दशकों में कुल मामलों का 54 प्रतिशत हिस्सा यानी 11 लाख 24 हजार प्रकरण केवल पिछले एक दशक 2013 से 2024 के दौरान ही दर्ज हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल अपराधों में अपहरण की हिस्सेदारी वर्ष 1953 से 1962 के बीच 1.01 प्रतिशत थी। जो 2013 से 2024 के दौरान बढ़कर 3.04 प्रतिशत तक पहुँच गई। अपहरण के कारणों में सबसे बड़ा कारण विवाह के लिए महिलाओं को उठाना और सामान्य अपहरण है। अपहरण के मामलों में राज्यों की तुलना करें तो उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरे नम्बर पर है। वर्ष 2024 के आँकड़ों में बिहार शीर्ष 6 राज्यों में सबसे नीचे दर्ज किया गया है। फिरौती के लिए किए जाने वाले संगठित अपहरण कुल मामलों का केवल 0.7 प्रतिशत ही है।

उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार पिछले 7 दशकों में से प्रत्येक दशक में अपहरण और उसकी हिस्सेदारी इस प्रकार है - सन 1953 से 1962 के बीच 60,463 अपहरण हुए थे। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.01 प्रतिशत ही थी। 1963 से 1972 के दशक में कुल 85,401 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी भी 1.01 प्रतिशत ही थी। 1973 से 1982 तक के दशक में 1,22,905 अपहरण हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 0.98 प्रतिशत थी।

सन 1983 से 1992 के दशक में कुल अपहरण 1,68,112 अपहरण हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.13 प्रतिशत थी। सन 1993 से 2002 के दशक में कुल अपहरण 2,17,949 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.26 प्रतिशत थी। सन 2003 से 2012 तक के दशक में कुल अपहरण 3,05,438 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 1.33 प्रतिशत थी। सन 2013 से 2024 के दौरान अपहरण की संख्या में अचानक तीन गुना वृद्धि हो गई ! इस दशक में कुल अपहरण 11,24,117 हुए। कुल अपहरण में इसकी हिस्सेदारी 3.04 प्रतिशत थी। ये आँकड़ें भयावह और चैंकाने वाले हैं।

दिनोंदिन अपहरण की बढ़ती हुई संख्या चैंकाने वाली है। साथ ही आश्चर्यजनक भी है। जिस परिवार में किसी लड़की या लड़के का अपहरण होता है तो उस पर क्या गुजरती है, यह वहीं जानता है। पूरे परिवार की नींद उड़ जाती है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे इन आँकड़ों को गंभीरतापूर्वक लें और योजनाबद्ध तरीके से अपहरण के बच्चे को न केवल ढूँढ निकाले, बल्कि भविष्य में अपहरण नहीं होने पाए, इसके लिए कठोर नियम बनावें, ताकि कोई किसी परिवार के दिन का चेन और रात की नींद खराब नहीं होने पाए।

# घुटनों से राहत पाने के लिए अपनाइएं ये घरेलू उपाय, जल्द मिलेंगा फायदा

पहले उम्र ढलने के साथ घुटनों में दर्द शुरू होता था लेकिन आजकल कम उम्र में ही लोग इस परेशानी से जूझ रहे हैं। घुटनों के दर्द से राहत दिलाने में घरेलू उपाय काफी कारगर माने जाते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ ही घुटनों में दर्द की समस्या बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग इस दर्द से परेशान हैं। हालांकि, आजकल कम उम्र में भी घुटने का दर्द परेशान करने लगा है। इस दर्द का एक नहीं बल्कि कई कारण हो सकता है। उम्र का असर, खानपान में पोषक तत्वों की कमी या कहीं से गिरने की वजह से यह दर्द उठ सकता है। कई बार दर्द सामान्य होता है लेकिन जब लंबे समय तक दर्द का निवारण न किया जाए तो समस्या बड़ी हो सकती है। इसलिए जब भी घुटने का दर्द सताए तो कुछ घरेलू उपाय अपनाकर छुटकारा पा सकते हैं।

**हल्दी–** सेहत के लिए रामबाण मानी जाने वाली हल्दी में कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण घुटने के दर्द से हल्दी तुरंत छुटकारा दिला सकती है। एक चम्मच हल्दी अपनी जरूरत के हिसाब से पानी लेकर पेस्ट बनाकर घुटनों पर लगा लें। दिन में दो बार ऐसा करने से घुटने के दर्द से छुटकारा मिल सकता है।



**अदरक–** घुटनों के दर्द को दूर करने में अदरक भी कारगर हो सकता है। अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दर्द से राहत दिला सकता है। जोड़ों के दर्द में भी अदरक गजब का असर दिखाता है। गर्म पानी में अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े डालकर पानी को छान लें और स्वाद के लिए शहद और नींबू का रस मिलाएं। इस पानी को रोजाना पीने से घुटने का दर्द दूर हो सकता है।

**एलोवेरा–** औषधीय गुणों का खजाना एलोवेरा घुटने के दर्द को खींचकर बाहर निकाल देता है। एलोवेरा जेल लगाने से दर्द से राहत मिलती है। घुटनों का सूजन भी इससे कम हो जाता है। आप चाहें तो एलोवेरा जेल में थोड़ा सा हल्दी पाउडर मिलाकर दर्द वाली जगह लगा लें। दर्द और सूजन से आराम मिल सकता है।

**कपूर का तेल–** घुटनों के दर्द ने परेशान कर रखा है तो कपूर का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। यह दर्द से राहत पहुंचाने का काम करता है। एक चम्मच कपूर का तेल लेकर उसमें इतना ही नारियल का तेल मिलाकर अच्छी तरह गर्म कर लें और जब तेल ठंडा हो जाए तो दिन में दो बार घुटनों की मालिश करें। कुछ ही समय में इसका असर दिखने लगेगा।

**एप्सम साल्ट–** घुटनों के दर्द से छुटकारा दिलाने में एप्सम साल्ट भी बेहतर तरीके से काम करता है। एप्सम साल्ट में मैग्नीशियम और सल्फेट पाए जाते हैं, जो दर्द को कम करने के साथ सूजन से भी राहत पहुंचाने का काम करते हैं। नहाने के पानी में एप्सम साल्ट को मिलाकर इस्तेमाल करें। इससे ब्लड फ्लो सुधरेगा और काफी राहत मिल सकती है।

धर्म–आस्था

# सनातन धर्म के प्रमुख चिह्न



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

हमारा सनातन धर्म अनेक विशेषताओं से परिपूर्ण है। इसके प्रत्येक प्रतीक किसी न किसी सद्भावना, मानवता के लिए कल्याणकारी तथा विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। इस लेख में कतिपय प्रमुख प्रतीकों की सार्थकता का वर्णन किया है-

**1. ॐ–:** सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को उद्घोषित करने वाली मूल ध्वनि ॐ है। इसके उच्चारण मात्र से एकाग्रता, मानसिक शान्ति और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार की अनुभूति होती है। इससे उत्पन्न कम्पन से नकारात्मकता नष्ट होती है और विचारों में सकारात्मकता आती है। धार्मिक ग्रन्थों में कई श्लोकों का प्रारंभ ध्वनि से होता है।

**2. स्वस्तिक –** स्वस्तिक शुभ्रता और कल्याण का प्रतीक है। यह मंगल का प्रतीक भी है। किसी भी शुभ कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्वस्तिक बनाया जाता है। कलश स्थापना के पूर्व स्वस्तिक बनाकर उस पर गेहूँ या चावल रखकर आम के पत्ते लगाकर कलश स्थापित किया जाता है। उस पर नारियल रखा जाता है। घर के मुख्य द्वार पर स्वस्तिक का चिह्न बनाया जाता है। कहा जाता है कि स्वस्तिक भगवान विष्णु और सूर्य का प्रतीक है। किसी भी शुभ पूजन, वैवाहिक सामग्री आदि सभी में सर्वप्रथम स्वस्तिक बनाया जाता है। नववधू भी देहली पूजन में कुंकूम से स्वस्तिक बनाती है। स्वस्तिक की चार भुजाएँ होती है जो धर्म, अर्थ, काम और चमकीला रंग शुभता का प्रतीक है। कई देवालयों में अपनी इच्छापूर्ति की आकांक्षा से उल्टे स्वस्तिक बनाने की परम्परा है। इच्छा पूर्ति पूर्ण होने पर स्वस्तिक को सीधा भी किया जाता है।

**3. कमल :** यह वर्तमान में भारत का राष्ट्रीय पुष्प है। यह ब्रह्मा, विष्णु, सरस्वती तथा लक्ष्मी का विशेष प्रिय पुष्प है। यह पवित्रता, शुभता और कल्याण का प्रतीक है। यह जीवन में अनासक्तता का प्रतीक भी है। कीचड़ में रहकर भी अति सुन्दर पुष्प है। मानव को विद्वानों द्वारा यह सलाह दी जाती है कि उसे भी इस संसार में कमल के समान जीवन व्यतीत करना चाहिए।

**4. दीपक :** दीपक अन्धकार को दूर कर हमें प्रकाश की ओर ले जाता है। अज्ञान रूपी अन्धकार से ज्ञान रूपी प्रकाश के पथ पर अग्रसर करता है। सकारात्मकता की ओर हमारा मार्गदर्शन करता है। दीपक कई प्रकार होते हैं। इन्हें विभिन्न प्रकार के बाती, घी, तेल से प्रज्वलित किया जाता है। इनमें गाय का शुद्ध घी, मूँगफली तेल, तिल का तेल तथा सरसों तेल प्रमुख है। भारतीय घरों में प्रातःकालीन पूजा में तथा सायंकालीन पूजन में दीपक जलाया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित मंत्र बोला जाता है-

शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धन सम्पदाम।
शत्रु बुद्धि विनाशाय, दीपो ज्योति नमोस्तुते।।
(आत्मबुद्धि प्रकाशाय)
तुलसी माता के चौरे पर भी दीपक जलाया जाता है।

दीप प्रज्वलन से भक्त के मन में आध्यात्मिक के भाव जाग्रत होते हैं। भारतीय संस्कृति में किसी भी कार्यक्रम को प्रारंभ करने पर अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाता है। यह परम्परा युगों से चली आ रही है। घरों में किसी की मृत्यु होने पर उसकी स्मृति में फोटो के सामने दीपक जलाया जाता है।

**5. कलश :** यह पवित्रता का द्योतक है। किसी भी प्रकार के शुभ कार्य करने के पूर्व कलश की स्थापना विधिवत की जाती है। ये कई प्रकार के होते हैं- यथा मिट्टी, ताम्बा, पीतल, स्टील, रजत, स्वर्ण आदि। कलश की स्थापना के पूर्व उसके नीचे गेहूँ या चावल रखे जाते हैं। स्वस्तिक भी बनाया जाता है। कथा, प्रवचन, नूतन गृह प्रवेश, यज्ञ, नवग्रह पूजन, विवाह, उपनयन आदि सभी शुभ कार्यों में कलश की स्थापना की जाती है। धार्मिक ग्रन्थों का कथन है कि कलश में ईश्वर का वास रहता है।

**6. शंख :** किसी भी शुभ कार्य के प्रारंभ में शंख ध्वनि की जाती है। शंख को लक्ष्मीजी का भाई कहा जाता है। इसकी ध्वनि नकारात्मकता को नष्ट करती है और सकारात्मकता को लाती है। पूजन कार्य में पवित्रता लाती है। चिकित्सकीय दृष्टि से शंख बजाने से फेफड़ों का व्यायाम हो जाता है। इसमें रखा जल हड्डियों को शक्ति प्रदान करता है। यदि किसी व्यक्ति की वाणी में दोष हो तो शंख बजाने से वह दूर होता है। पूजा में शंख रखने से घर के वास्तु दोष दूर होते हैं। शंख ध्वनि से देवताओं का आह्वान किया जाता है। शंख तीन प्रकार के होते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी- टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल

## आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



## कृषि कल्याण वर्ष अंतर्गत कृषि रथ के साथ लोहाना में कृषक संगोष्ठी संपन्न

**बडनगर।** कृषि कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम पंचायत लोहाना में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्षता सरपंच नारायण कोदिया द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपसंचालक यूएस तोमर, सहायक संचालक दिनेश मंडलोई, कृषि वैज्ञानिक रेखा तिवारी, के द्वारा फसल विविधीकरण, मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, ई टोकन द्वारा खाद प्रात करना आदि विषय पर किसानों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में जनपद सदस्य जुझार सिंह राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी चेतन पटेल, राम लखन वाघेला, नारायण सिसोदिया, अंकुश गुप्ता, दशरथ पोपंडीया, आत्मा के प्हायक तकनीकी प्रबंधक दशरथ मुकाती ने भी भाग लिया। जानकारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदयकुमार अग्निहोत्री ने दी।

## 70 हजार रु.का 07 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में जुआ, अवैध मादक पदार्थ, स्मैक, गांजा एवं अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत नरसिंहगढ़ एसडीओपी श्रीमती मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 5 लाख रु. कीमत की 7 ग्राम अवैध स्मैक जप्त कर एक को गिरफ्तार किया। बोडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुलखेड़ी जोड़ के आगे फरार आरोपी अजय पिता विनोद वैष्णव निवासी शनि मंदिर के पास पचोर स्मैक की किसी अज्ञात व्यक्ति को डीलेवरी करने हेतु खड़ा है, सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा किन्तु पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी अजय पिता विनोद वैष्णव निवासी शनि मंदिर के पास पचोर को गिरफ्तार कर तलाशी ली आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये है। बरामद मादक पदार्थ को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## आबूनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हो रहे श्रद्धालु



**महिदपुर रोड।** ग्राम मंडावल तथा आबूपुरा के मध्य स्थित आबू नाथ महादेव मंदिर में 17 मई रविवार से जारी श्रीमद् भागवत कथा में मंडावल तथा आबूपूरा सहित आसपास के गांव की श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा में यजमानों ने पूरे गांव में शोभायात्रा के दौरान बारी-बारी से भागवत पोथी को सिर पर धारण किया कलश यात्रा में भागवत कथा प्रवक्ता पंडित दीपक उपाध्याय भी शामिल हुए जिनका ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया भागवत कथा रोजाना दोपहर 12 से 3 के बीच होगी तथा श्रीमद् भागवत क था का समापन 23 मई को गंगा जल कलश यात्रा यज्ञ की पूणाहुति महाआरती तथा महा प्रशादी के साथ संपन्न होगा अंतिम दिवस श्री मद् भागवत कथा पोथी तथा भाग वत कथा प्रवक्ता पंडित उपा ध्याय की शोभा यात्रा दोनों गांवों में संयु क्त रूप से निकाली जायेगी। पहले दिन की कथा में भागवत कथा प्रवक्ता पंडित उपाध्याय ने पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं से धर्म के अनुसार आचरण करने तथा अपने तथा परिवार के लिये समय निकालकर उन्हें आधुनिक पश्चात संस्कृति से विमुख कर बच्चों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करने को कहा।

## भारतीय मजदूर संघ जिला एवं तहसील इकाई संगठन की बैठक आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में एबी रोड स्थित एक निजी होटल में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती मेघा दुबे के मुख्य आतिथ्य मे भारतीय मजदूर संघ जिला एवं ब्यावरा तहसील इकाई संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमे भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकरियों की आशा, उषा कार्यकर्ताए बड़ी संख्या मे उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा संघ की रीति नीति से सभी आशा, उषा कार्यकर्ता बहनों को अवगत कराया गया जिस पर विश्वास जताते हुए संगठन के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। भारतीय मजदूर संघ की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा उचित सहयोग देने का आश्वासन दिया गया साथ ही प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती मेघा दुबे जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना एवं आशा-उषा कार्यकर्ता बहनों की सहमति से संजय शेखर शर्मा को आशा -उषा कार्य कर्ता संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया सभी ने श्री शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर जिसमें पिंकी सोनी अध्यक्ष रीना शर्मा उपाध्यक्ष, चिंतामणि यादव उपाध्यक्ष, प्रफुल्ल सोंधिया महामंत्री, श्रीमती तन्वी गोरी संयुक्त मंत्री, ज्योति शिवहरे कोषाध्यक्ष, श्रीमती रेखा शर्मा, तुलावटी संघ के प्रदेश मंत्री धीरज नागर उपस्थित रहे।

### सारंगपुर में कृषि रथ के जरिए किसानों को दी जा रही ई-विकास प्रणाली की जानकारी

# रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से जमीन की उपजाऊ क्षमता हो रही नष्ट-राजपूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस विशेष वर्ष के उपलक्ष्य में किसानों की आय दोगुनी करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का समावेश करने के उद्देश्य से एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में कलेक्टर श्र गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। विकासखंड सारंगपुर में यह कृषि रथ ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सारंगपुर एसएडीओ राजेश राजपूत के अनुसार इस वर्ष कृषि रथ का मुख्य विषय ई-विकास प्रणाली से उर्वरक (खाद) वितरण की जानकारी से कृषकों को अवगत कराना है, ताकि खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आए और किसानों को सहूलियत हो सके।





### वैज्ञानिक और किसानों के बीच सीधा संवाद

श्रीराजपूत ने कहा कि कृषि रथ के संचालन का मुख्य उद्देश्य कृषि और उससे संबद्ध अन्य महत्वपूर्ण विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी (बागवानी), और मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क स्थापित करना है। इस रथ के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों तक कृषि की नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारियां पहुंचाई जा रही हैं, जिससे पारंपरिक खेती को अधिक मुनाफे वाले व्यवसाय में बदला जा सके।

सोमवार को इसी क्रम में ग्राम बालोडी एवं ढाकनी सहित विभिन्ना ग्रामों में कृषि रथ का भ्रमण हुआ। इन गांवों में रथ के साथ उपस्थित विभागीय दल द्वारा चौपाल लगाकर कृषकों को शासन की विभिन्ना कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

एसएडीओपी श्रीराजपूत ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढावा देने की अपील की। उन्होंने बताया कि रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से जमीन की उपजाऊ क्षमता नष्ट हो रही है, जबकि प्राकृतिक खेती से न केवल लागत कम होती है, बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा होती है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को समझाया। उन्होंने कार्ड में सुझाई गई रिपोर्ट के आधार पर विभिन्ना फसलों के चयन तथा खेतों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के लिए जागरूक किया।

### सरल भाषा से किसान हुए लाभांवित

इस रथ का सबसे मुख्य आकर्षण ई-विकास प्रणाली रहा। उपस्थित दल ने किसानों को लाइव डेमो और सरल भाषा में समझाया कि कैसे ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। इस डिजिटल व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और हर वास्तविक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार सही समय पर खाद मिल सकेगी। कृषि रथ के माध्यम से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्ना विभागों के मैदानी अधिकारियों ने सहभागिता की और किसानों की समस्याओं व शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश परमार, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर मयंक जैन, डॉ. नेमीचंद जाटव, उद्यानिकी विभाग रितेश परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने किसानों को पशुओं के टीकाकरण, नस्ल सुधार, उन्नात फल-सब्जियों की खेती और ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) जैसी योजनाओं से जुडकर लाभ उठाने की सलाह दी। कार्यक्रम में बडी संख्या में स्थानीय प्रगतिशील किसान और ग्रामीण जन उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

### देवास में युवक की फरसी से काटकर हत्या

# बालगढ़ चौराहे पर मिला शव, पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने ली जान, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास शहर के बालगढ़ चौराहे पर मंगलवार तड़के पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी ने फरसी (धारदार हथियार) से हमला कर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 4:45 बजे बालगढ़ क्षेत्र में एक पान की गुमटी के पीछे खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है, जो शहर की ही एक कंपनी में कार्यरत था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर वहां से वारदात में इस्तेमाल की गई खून से सनी फरसी भी बरामद कर ली है।

### सुबह 4 बजे हुआ था विवाद

शुरूआती जांच में सामने आया है कि मृतक मुकेश और आरोपी भावेश चौधरी के बीच पुरानी रंजिश थी और दोनों एक ही गली में रहते थे। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसके बाद तैश में आकर भावेश ने फरसी से मुकेश पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि हत्या के इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी भावेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## देवास में अस्पताल तिराहा पर ग्रीन नेट शेड गिरा

**देवास।** सोमवार रात अस्पताल तिराहा पर लगा एक ग्रीन नेट शेड अचानक गिर गया। यह शेड भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए लगाया गया था। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर से शेड का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण पूरा ढांचा नीचे आ गिरा। नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर गर्मी से बचाव के लिए ऐसे ग्रीन नेट शेड लगाए हैं, जिनमें से अस्पताल तिराहा पर सड़क के दोनों ओर शेड स्थापित किए गए थे। घटना देर रात होने के कारण तिराहे पर लोगों की आवाजाही कम थी। यदि यह हादसा दिन के समय होता, जब क्षेत्र में भीड़भाड़ रहती है, तो गंभीर जनहानि या बड़े नुकसान की आशंका थी। नगर निगम ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। निगम अधिकारी यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि शेड किसी वाहन की टक्कर से गिरा या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

## टोंककला पटाखा फैक्ट्री विस्फोट की न्यायिक जांच शुरू

**देवास।** देवास जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में न्यायिक जांच मंगलवार से शुरू हो गई। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुभाष काकड़े की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार सौरभ सिंह सेंगर पिता वीर विक्रम सिंह सेंगर, निवासीगण-624 पंचवटी ए.बी. रोड, देवास नाका, इन्दौर के द्वारा प्रदत्त जानकारी व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूमि स्वामी एवं आधिपत्यधारी राजेन्द्र सिंह कुशवाह पिता स्व सुन्दर सिंह जी कुशवाह, निवासीगण - बी.एस.एन.एल. कालोनी, वेदनगर नानाखेडा उज्जैन, जिनका भूखण्ड कमांक 57- ए जो कि, तिरूपति एन्कलेव ग्राम मेंडिया, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 73.15 वर्ग मीटर है। जिसकी चर्तु सीमा पूर्व में- रास्ता कालोनी का, पश्चिम में- भूखण्ड नं 24 अ, उत्तर में- बाउण्ड्रीवाल, दक्षिण में- भूखण्ड नं 57 है। क्रय करने हेतु टोकन राशि अदा कर दी गयी है तथा विक्रय अनुबंध पत्र का सम्पादन आज दिनांक को कर लिया गया है तथा विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, मतालबा, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड शेष विक्रय राशि उक्त भूमि स्वामी को अदा किया जाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 19/05/2026

**नीरज सक्सेना, एडवोकेट**
**ए-18, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**97130-96363, 97130-15515**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 136 का भाग, स्थित ढ़ाबा रोड़ तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 238 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- भवन क्रमांक 137 कैलाशचंद्र का, पश्चिम में- भवन क्रमांक 135 अली, उत्तर मे- गली, दक्षिण मे- रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति रामचंद्र पिता श्री राम गोपाल ने इसके पूर्वस्वामी बाबुलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1335 दिनांक 08/10/1960 के माध्यम से क्रय कि एवं रामचंद्र का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर कृष्णवल्लभ गर्ग एवं अशोक कुमार गर्ग पुत्रगण रामचंद्र गर्ग तथा अविनाश गर्ग, गरिमा गर्ग मोनिका गर्ग पिता श्री ओमप्रकाश गर्ग एवं प्रहलाद गर्ग पिता स्व. बंशीलाल गर्ग उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 1035/25/7PT दिनांक 12/02/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया दर्ज करवाया। तथा कृष्णवल्लभ गर्ग आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध अल्ताफ अहमद शेख पिता श्री चांद अहमद शेख से किया है। एवं अल्ताफ अहमद शेख ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार मूल विक्रय पत्र क्रमांक 1335 दिनांक 08/10/1960 का कही गुम हो गया है, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पेढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त विक्रय पत्र कही बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



## खेल गतिविधियों से दिया चरित्र निर्माण का संदेश महाविद्यालय परिसर में समर कैंप जारी

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत खेल बनाते हैं चरित्र थीम पर वॉलीबॉल ग्रुप द्वारा वॉलीबॉल कोर्ट पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं खेल संस्कृति का विकास करना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल खेल के माध्यम से सहयोग, समन्वय एवं खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए चरित्र निर्माण का संदेश दिया। वॉलीबॉल ग्रुप के ग्रुप लीडर भूपेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में मनोज शर्मा, राहुल सैनी, कृपाल राजपूत, सोनम परमार एवं प्रिया परमार ने अभ्यास सत्र, टीम गतिविधियों एवं खेल प्रदर्शन में सहभागिता की। खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेलों के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा खेलों के महत्व को समझने की प्रेरणा मिली।

## बाबा जटाशंकर पर अभिषेक किया भजनों की प्रस्तुति देते हुए पहुंचे श्रद्धालु



**शुजालपुर।** शहर में प्रतिदिन धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देने वाली धार्मिक संस्था गणेश रामधुन यात्रा समिति के सदस्यों ने सोमवार को जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया। समिति के सदस्यों ने प्रतिदिन अनुसार शहर के प्रमुख मार्गो से प्रभात फैरी निकालते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु गणेश मंदिर मंडी से पैदल भजनों की प्रस्तुति देते हुए प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंचे। जहां पर बाबा भोलेनाथ का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं ने जटाशंकर महादेव का जलाभिषेक किया। साथ ही यहां पर भजन प्रस्तुत करते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जानकारी बाबा जटाशंकर महादेव मंदिर सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल ने दी।

## सालरिया गो अभ्यारण में सुंदरकांड व गोकथा का आयोजन



**सुसनेर।** सालरिया स्थित श्री कामधेनु गो अभ्यारण में गत्त दिन अमावस्या के पावन अवसर पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ एवं गोकथा का आयोजन हुआ जिसमें आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में गोभक्त एवं श्रद्धालु शामिल हुए। महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज ने कथा के दौरान शनिदेव की महिमा एवं धार्मिक अनुशासन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रत आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का श्रेष्ठ माध्यम है। अमावस्या के दिन तीर्थ स्थलों के दर्शन एवं गोसेवा करने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। महाराज ने गोमाता की सेवा को धर्म, संस्कृति और मानवता से जोड़ते हुए कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि समाज के संरक्षण और संस्कारों को सहेजने का माध्यम भी है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं गोभक्ति के महत्व को समझने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ और गोकथा का श्रद्धाभाव से श्रवण किया तथा महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

**कमांक/क्यू/री-2/2026/** **बड़नगर दिनांक-15.05.2026**
**प्र.क. 0688/अ-6/2025-2026**

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक रामसिंह पिता भीमसिंह जाति राजपूत निवासी सेमलिया ने विक्रेता नियाज मोहम्मद पिता वली मोहम्मद जाति फकीर निवासी बिसाहेड़ा (सेमलिया) के स्थान पर रजिस्ट्री दिनांक 21.11.2014 रजिस्ट्री के आधार पर जिसका रजिस्ट्री क्रमांक A/2129 है। क्रय/विक्रय/दान कर्ता/सहस्वामीत्व/हकत्यागकर्ता के जिसका रजिस्ट्री क्रमांक आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1. भूमि का विवरण**

| स. क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू-खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर/ वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1. | सेमलिया | 271/2 | 0.10 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 22.05.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

## न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

**कमांक/क्यू/री-2/2026/** **बड़नगर दिनांक-15.05.2026**
**प्र.क. 0689/अ-6/2025-2026**

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है-आवेदक अबजल पिता गनी मोहम्मद पटेल जाति नायता निवासी सेमलिया ने विक्रेता वली मोहम्मद पिता नाथाशाह जाति फकीर निवासी सेमलिया के स्थान पर रजिस्ट्री दिनांक 17.05.1999 रजिस्ट्री के आधार पर जिसका रजिस्ट्री क्रमांक---------है। क्रय/विक्रय/दान कर्ता/सहस्वामीत्व/हकत्यागकर्ता के जिसका रजिस्ट्री क्रमांक आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1. भूमि का विवरण**

| स. क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू-खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर/ वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1. | सेमलिया | 97 | 0.96 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 22.05.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

## न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

**कमांक/क्यू/री-2/2026/** **बड़नगर दिनांक-15.05.2026**
**प्र.क. 0690/अ-6/2025-2026**

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है-आवेदक गनी मोहम्मद पिता इब्राहीम पटेल जाति नायता निवासी सेमलिया ने विक्रेता नियाम मोहम्मद पिता वली मोहम्मद जाति फकीर निवासी सेमलिया के स्थान पर रजिस्ट्री दिनांक 03.07.2013 रजिस्ट्री के आधार पर जिसका रजिस्ट्री क्रमांक---------है। क्रय/विक्रय/दान कर्ता/सहस्वामीत्व/हकत्यागकर्ता के जिसका रजिस्ट्री क्रमांक आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1. भूमि का विवरण**

| स. क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू-खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर/ वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1. | सेमलिया | 249/1 | 0.25 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 22.05.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

## रेडक्रॉस में वृद्धाश्रम एवं मूक बधिर बच्चों के लिए किये सेवा कार्य

**नीमच।** रेडक्रॉस के तत्वाधान एवं सहयोग से श्रीमती इंदु वेद की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार जन द्वारा उनकी स्मृति में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों और मूक बधिर बच्चों के साथ बनाया वहां पर सभी वृद्ध और बच्चों को भोजन कराया ओर उन्हें फल, बिस्कुट, चॉकलेट आदि वितरित भी किए और उनके साथ बहुत अच्छा समय भी बिताया। श्रीमती इंदु की याद में उनकी बेटी किरण आंचलिया और दामाद पंकज आंचलिया एवं दोनों नाता - नातिन ने कहा कि उनका जाना हमारे लिए बहुत बड़ी शती है जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता और उन्हीं के दिए संस्कार से हम ये सेवा कार्य कर रहे है। इस दौरान पंकज आंचलिया किरण आंचलिया, अशोक आंचलिया, शांता आंचलिया, विद्या कमल वेद, पिंकी दसेड़ा, कल्पना बडाला, इंदु शर्मा, अनामिका शर्मा, सम्यक दसेड़ा, नैवेद्य, ऋत्वि, प्रिंस, अरिहा, सिया आदि उपस्थित थे।

## बंद पड़ी सहकारी सोसायटियों के पंजीयन होंगे निरस्त

**मन्दसौर।** सहकारिता विभाग द्वारा जिले में पहली बार बड़े स्तर पर एक विशेष मुहिम शुरू की जा रही है, जिसके तहत कई वर्षों से बंद पड़ी और परिसमापन में चल रही सहकारी सोसायटियों का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। सहकारिता उप आयुक्त परमानंद गोडरिया ने बताया कि निष्क्रिय संस्थाओं के पंजीयन निरस्त कर इन्हें सहकारिता के पटल से हटा दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिन प्रमुख संस्थाओं के पंजीयन निरस्त किए जाने की सूची तैयार की गई है, यदि किसी को भी इस निरस्तीकरण की कार्रवाई के संबंध में कोई आपत्ति है या वे अपना पक्ष रखना चाहते हैं, तो वे एक सप्ताह के भीतर उपायुक्त सहकारिता जिला मंदसौर कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# चॉकलेट के रैपर में छिपाकर कनाडा भेजी जा रही 455 ग्राम अफीम जब्त, पोस्ट ऑफिस में पार्सल छोड़कर भागा आरोपी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ तस्करों द्वारा जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए चॉकलेट और कैंडी के रैपरों का सहारा लिया जा रहा था। सोमवार शाम मंदसौर स्थित नई आबादी पोस्ट ऑफिस में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स की टीम ने एक संदिग्ध पार्सल से करीब 455 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। इस खेप को ओंटारियो (कनाडा) भेजने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों की मुस्तैदी और सतर्कता के चलते तस्करी के इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ हो गया। पूछताछ के दौरान घबराया संदिग्ध युवक अपना सामान काउंटर पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से की जा रही है।

घटनाक्रम के अनुसार, सोमवार शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच एक अज्ञात युवक नई आबादी पोस्ट ऑफिस पहुँचा था। उसने कनाडा भेजने के लिए करीब 2 किलोग्राम वजन का एक इंटरनेशनल पार्सल बुक कराने की बात कही।

काउंटर पर तैनात पोस्टल असिस्टेंट प्रदीप मेहरा ने जब सुरक्षा नियमों के तहत युवक से पार्सल के भीतर रखी सामग्री के बारे में पूछताछ की, तो उसने बताया कि इसमें केवल चॉकलेट आइटम और खाने-पीने का सामान है। हालांकि, बातचीत के दौरान युवक की शारीरिक भाषा और संदिग्ध गतिविधियां देखकर कर्मचारियों को उस पर गहरा संदेह हुआ। जब कर्मचारियों ने पार्सल को लेकर कुछ और कड़े सवाल पूछे, तो युवक बुरी तरह घबरा गया। पकड़े जाने के डर से वह कुछ ही पलों में अपना पार्सल काउंटर पर ही छोड़कर वहां से रफूचक्कर हो गया।

युवक के इस तरह अचानक भागने से पोस्ट ऑफिस में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों ने इसकी सूचना तत्काल सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स को दी। सीबीएन की टीम देर शाम मौके पर पहुँची और पार्सल को अपने कब्जे में लेकर जांच की। जब पार्सल को खोला गया, तो उसके भीतर से च्लव पैनज नाम की कैंडी के दो बॉक्स बरामद हुए। कैंडी के रैपरों के भीतर से 25 छोटे-छोटे पाउच मिले, जिनमें बेहद शातिराना तरीके से काली अफीम भरी गई थी। तौल करने पर इस अफीम का कुल वजन 455 ग्राम पाया गया, जबकि बाकी के रैपरों में सामान्य कैंडी भरी हुई थी ताकि किसी को शक न हो।


सीबीएन ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ को मौके पर ही जब्त कर लिया और अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सीबीएन और स्थानीय पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिये पोस्ट ऑफिस परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# बीआरसी पर तीन माह में बार-बार हमला करने वाले के समक्ष पुलिस का कथित आत्मसमर्पण

## कार्रवाई नहीं होने से शासकीय कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम





जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसी विवेक नागर पर तीन महीने में एक निलंबित शिक्षक दिलीप राठौड़ द्वारा जान से मारने का प्रयास, डराने, धमकाने जैसे अपराधिक कृत्य करने के बावजूद पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं करने से शासकीय कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

बताया जाता है कि गत दिवस निलंबित शिक्षक दिलीप राठौड़ द्वारा जनपद शिक्षा केंद्र के शासकीय कार्यालय में घुसकर बीआरसी विवेक नागर को मारने की नियत से अपराधिक कृत्य किया और गालियां देते हुए कार्यालय में तोड़फोड़ की। पूर्व में भी यह व्यक्ति धारदार हथियार लेकर तथा पत्थरबाजी करते हुए कुछ अधिकारियों से अभद्रता कर चुका है।

बार-बार किए जाने वाले उक्त अपराधिक कृत्य करने एवं एफ आई आर दर्ज होने ,लिखित शिकायत करने के बावजूद पुलिस द्वारा कारवाई नहीं किया जाना अनेक प्रश्न खड़े कर रहा है? क्षेत्रीय स्टेशन रोड पुलिस का अपराधिकृत करने वाले के समक्ष यह कथित आत्मसमर्पण किसी मिली भगत एवं उनकी कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु रतलाम पुलिस का विशेष अभियान

**रतलाम।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री आनंद स्वरूप सोनी, एमपी आरडीसी, आरटीओ विभाग, टोल प्लाजा प्रबंधन, संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ जिले के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों एवं दुर्घटना संभावित हॉट स्पॉट क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर दुर्घटना संभावित स्थानों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।

# 18.98 लाख की मशीन खरीदी पर विवाद, भुगतान ही नहीं हुआ तो घोटाले का झूठा आरोप क्यों?

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

क्षेत्रीय विधायक कमलेश्वर डोडियार द्वारा सोमवार देर शाम सैलाना नगर परिषद पर डी स्लेजिंग मशीन मय ट्रैक्टर वाहन खरीदी मामले में लाखों के घोटाले के आरोप पर आज दोपहर सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला ने नगर परिषद कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर पूरे मामले की जानकारी दी और विधायक के आरोपों को सच्चाई से परे बताया। शुक्ला ने कहा कि विधायक को इस मामले में पूर्व में मांगे गए दस्तावेज का एक एक कागज उपलब्ध करा कर साफ कर दिया गया था कि इसमें नगर परिषद ने भुगतान नहीं किया है।विधायक का बयान पूर्णतः गलत और भ्रामक है।कहीं कोई घोटाले जैसी बात ही नहीं। पत्रकार वार्ता में उन्होंने ये सवाल भी किया कि बिना किसी मामले में सक्षम अधिकारी की जांच रिपोर्ट के उसे घोटाला कैसे कहा जाएगा। डोडियार बड़े और संवैधानिक पद पर हैं।ये आरोप केवल किसी एक अधिकारी या सिर्फ अध्यक्ष पर नहीं,बल्कि पूरी परिषद पर हैं।इससे हम सबकी भावना आहत हुई इसलिए जनता के समक्ष वस्तुस्थिति लाने के लिए प्रेस वार्ता बुलानी पड़ी। दरअसल 29 नवंबर 24 को नगर परिषद ने डी स्लेजिंग वाहन मय ट्रैक्टर खरीदने के लिए शासन को पत्र लिखा।26 दिसम्बर 24 कोपीआईसी ने इस मामले में प्रशासकीय स्वीकृति दी। 2 जून 25 को शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई। अध्यक्ष शुक्ला ने ये जानकारी देते हुए बताया कि ६ जून को निकाय ने ऑनलाइन टेंडर लगाए।८ टेंडर में से 6 अपात्र निकले। बचे 2 टेंडर में से हिन्द ट्रेडिंग कम्पनी इन्दौर का टेंडर 18 लाख 98 हजार का 3 नवम्बर 25 को को रेट सेक्शन कर कायार्देश जारी किया। कंपनी ने 6 नवम्बर 25 को निकाय को उक्त मशीन और ट्रैक्टर उपलब्ध करा दिए। शुक्ला ने बताया कि 6 फरवरी 26 को निकाय ने जावरा के पॉलिटेक्निक कॉलेज से 2 टेक्निकल स्पेशलिस्टों को बुलवा कर क्रय की गई मशीन और ट्रैक्टर के भौतिक सत्यापन कराया।

## प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन सम्पन्न

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण महाअभियान के तहत खरगोन जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय आवासीय शिविर के आयोजन में व्यवहारिक सत्र में उद्बोधन हेतु वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी खंडवा के पूर्व जिला महामंत्री मुकेश जी तनवे , इंदौर नगर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी,बुरहानपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लदवे जी,मंगलेश सिंह तोमर उपस्थित रहे शिविर में मार्ग दर्शन हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग के प्रभारी श्री सुरेंद्र शर्मा जी, खरगोन के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, खरगोन जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मने, आदी उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव 21 मई से, गूंजेगी शहनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

पवित्र पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल, मंदसौर के तत्वावधान में 21 से 24 मई तक चार दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव का आयोजन रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड़ पर किया जाएगा। यह दिव्य और मांगलिक उत्सव भगवान श्री लक्ष्मी वेंकटेश की असीम कृपा और वैष्णव परंपरा की मंगल भावना के साथ आयोजित हो रहा है।

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष सोनल चौधरी (मंडोवरा), सचिव राखी परवाल एवं कोषाध्यक्ष शिखा चिचानी ने बताया कि यह भव्य महोत्सव धर्मप्रवर्तकाचार्य श्रीमद् जगद्गुरु भगवद्रामानुज संप्रदाया चार्य कांची प्रतिवादी भयंकर मठ, सिंहासनाधीश्वर गादी स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री श्री निवासाचार्य स्वामीजी महाराज एवं बालक स्वामीजी श्री श्री 1008 अनंताचार्य स्वामीजी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। जिसमें 21 मई गुरुवार को दोपहर ३ बजे से मेहंदी उत्सव के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। अगले दिन 22 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे मूंगहाथ एवं पापड़-बड़ी उत्सव का पारंपरिक आयोजन किया जाएगा।

23 मई शनिवार को सुबह 7 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक और पंचामृत पूजन के बाद श्रृंगार, आरती, गोष्ठी प्रसाद वितरण, देवी पूजन, हल्दी तथा प्रणय लीला महोत्सव का आनंद श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसी दिन शाम 6.30 बजे परिसर में श्रीवारी सवारी और संध्या आरती होगी, जिसके बाद शाम 7.30 बजे से कोटा (एलन) के सुप्रसिद्ध डॉ. गोविंद माहेश्वरी के भजनों की धारा प्रवाहित होगी। भजन संध्या के साथ ही अन्नकूट (छप्पन भोग) दर्शन महोत्सव भी होगा।

इस सांस्कृतिक शाम में भजन संध्या से ठीक पूर्व च्शिवांशीज पत्रिका का विमोचन और माहेश्वरी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन 24 मई रविवार को सुबह 7 बजे 108 कलश खिरान भोग उत्सव होगा, जिसके बाद सामूहिक तुलसी व कुमकुम अर्चना, श्री शंख चक्र वेदी रचना, मायरा और मंगल बधाई के कार्यक्रम होंगे। शाम 5 बजे नगर में भगवान की भव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक – रतलाम मंडल –पश्चिम रेलवे ने पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाइट (ई–ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. लीजिंग–आर टी एम– 26–03, अनुबंध का प्रकार – Leasing of SLR Compartment, **लॉट नं.** : Train No. - 11125-SLR-R1-RTM-GWL, 59387-SLR-R1-NAD-INDB, 19303-SLR-F2-INDB-BPL, 21125-SLR-R1-RTM-BIX, 19303-SLR-R1-INDB-BPL, 19321-SLR-R1-INDB-PNBE, 59387-SLR-F1-NAD-INDB, 21125-SLR-F1-RTM-BIX, 22984-SLR-F1-INDB-KOTA, 11125-SLR-F1-RTM-GWL, 19303-SLR-F1-INDB-BPL, 19343-SLR-R1-INDB-NIR, 22984-SLR-R1-INDB-KOTA, 14802-SLR-F1-INDB-JU, 19313-SLR-F1-INDB-PNBE, 14115-SLR-F1-DADN-PRYJ, 19343-SLR-F2-INDB-NIR, 19343-SLR-F1-INDB-NIR, 12913-SLR-F1-INDB-NGP, 19307-SLR-F1-INDB-UHL, 14802-SLR-R1-INDB-JU, 20416-SLR-R1-INDB-BSB, 20414-SLR-F1-INDB-BSB, 19307-SLR-R1-INDB-UHL, 19817-SLR-F1-RTM-AF, 19313-SLR-R1-INDB-PNBE, 19817-SLR-R1-RTM-AF, 20917-SLR-F1-INDB-PURI, 20414-SLR-R1-INDB-BSB. अनुबंध की अवधि – 03 वर्ष, ई –नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई–नीलामी **दिनांक 04.06.2026 को 10:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई–ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

**SNP-059**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**पे एंड यूज टॉयलेट्स के लिए ई –नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक – रतलाम मंडल –पश्चिम रेलवे ने सीहोर, देवास (प्लेटफॉर्म), चंदेरिया, नागदा (सर्कुलेटिंग एरिया), मंदसौर, मेघनगर, नागदा (प्लेटफॉर्म), खाचरोद, नीमच एवं राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन स्थित पे एंड यूज टॉयलेट्स के लिए ई –नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाइट (ई–ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.** : PnU-RTM-26-04. **अनुबंध का प्रकार** : पे एंड यूज़ टॉयलेट्स **लॉट नं.** : PnU-RTM-SEH-Toi-49-25-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-DWX-Toi-33-24-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-CNA-Toi-48-25-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-NAD-Toi-10-22-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-MDS-Toi-45-25-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-MGN-Toi-36-24-2 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-NAD-Toi-37-24-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-KUH-Toi-38-25-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-NMH-Toi-44-25-1 (Pay and Use Toilets), PnU-RTM-RJQ-Toi-12-22-1 (Pay and Use Toilets). अनुबंध की अवधि – 03 वर्ष, ई –नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई–नीलामी **दिनांक 04.06.2026 को 11:00 बजे** प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई–ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

**SNP-063**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**ई –निविदा सूचना**

**क्र.सं.– 1. ई–टेंडरिंग संख्या – : ईएल–2025–26–26आर1. कार्य का नाम :** रतलाम मंडल : रतलाम और इंदौर–रतलाम स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 और प्लेटफार्म संख्या 7 पर 6 एस्केलेटर और इंदौर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5/6 के परिचालित क्षेत्र में 1 एस्केलेटर की स्थापना। (विद्युत + सिविल)। **अनुमानित लागत :** ₹74059417.39/– **बयाना राशि :** ₹1481200/– **कार्य की समापन अवधि :** 12 माह, **वेब–साईट पर अपलोड करने की तिथि :** 14/05/2026. **निविदा खुलने की तिथि :** 09/06/2026. **क्र.सं.– 2. ई–टेंडरिंग संख्या – : ईएल–2025–26–36आर. कार्य का नाम :** रतलाम मंडल–सनावद– सनावद गुड्स शेड में अस्थायी सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत :** ₹2196160.86/– **बयाना राशि :** ₹43900/– **कार्य की समापन अवधि :** 12 माह, **वेब–साईट पर अपलोड करने की तिथि :** 14/05/2026. **निविदा खुलने की तिथि :** 09/06/2026. **क्र.सं.– 3. ई–टेंडरिंग संख्या – :ईएल–2026–27–01आर. कार्य का नाम :** रतलाम मंडल–रतलाम – कुरेल बांध, शिमला कॉलोनी तालाब और अन्य जल स्रोतों के संवर्धन और उन्नयन से संबंधित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत :** ₹5752015.50/– **बयाना राशि :** ₹115100/– **कार्य की समापन अवधि :** 06 माह, **वेब–साईट पर अपलोड करने की तिथि :** 14/05/2026. **निविदा खुलने की तिथि :** 09/06/2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**SNP-060**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

# नपा ने अंबेडकर रोड पर सड़क तक फैला अतिक्रमण हटाया

## प्राइवेट बस स्टैंड पर नाले किनारे रखी घूमटिया हटाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच ने सोमवार 18 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन एवं राजस्व अधिकारी श्री संजय पाटीदार के नेतृत्व में अंबेडकर रोड पर आवागमन में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करते हुए अनेक ठेले व गुमटियों के बाहर सड़क तक जमी कुर्सियों को जप्त किया एवं प्राइवेट बस स्टैंड पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नाले किनारे रखी गुमटियों को हटाया।साथ ही कुछ दुकानदारों के चालान बनाकर 10 हजार जुर्माना भी वसूला।

नगर पालिका की टीम ने जेसीबी व डंपर सहित अन्य संसाधनों के साथ अपनी कार्यवाही अंबेडकर रोड पर चोरडिया अस्पताल के पास हुड़को टंकी के बाहर लगी दुकानों से प्रारंभ की और वहां पर चाय व गन्ने के रस की दुकानों सहित अन्य दुकानों के बाहर सड़क तक रखी कुर्सियों को जप्त करते हुए चालानी कार्रवाई की. इसके पश्चात नगर पालिका की टीम सांई मंदिर के सामने लगे ठेले वह गुमटी वालों के यहां पहुंची और सड़क तक फैले अतिक्रमण को हटाते हुए कुर्सियां जप्त की और चालानी कार्रवाई की। इसके पश्चात नगर पालिका की टीम प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची और वहां पर तहसीलदार श्री अजेंद्र नाथ प्रजापति की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धनअभियान के तहत नाले के किनारे रखी गुमटियों को जेसीबी व अन्य संसाधनों के माध्यम से हटाते हुए भविष्य में वहां अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

कार्यवाही के दौरान नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री संजय पाटीदार सहायक, राजस्व निरीक्षक श्री महेंद्र साहू, श्री हेमंत सिसोदिया, श्री हेमंत कलोसिया, श्री योगेश टांकवाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## न्यूज कालम



## भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए चौमुखा महादेव का किया जल अभिषेक

**रतलाम।** इस वर्ष गिर रही भीषण गर्मी के प्रकोप से जनमानस, पशु पक्षियों तथा पेड़-पौधे को राहत दिलाने के लिए श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र समिति द्वारा श्री चौमुखा महादेव का जलाभिषेक कर ग्रीष्म ऋतु की असाधारण तपन को सहन करने की शक्ति तथा मुक्ति की कामना गई। श्री चौमुखा महादेव नित्य अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी के दौरान मध्यान्ह के समय यजमान श्रीमति सारिका परिहार दंपत्ति द्वारा सपरिवार उष्णता से निजात हेतु जलाभिषेक किया। इसी कड़ी में श्री सनातन धर्म एवं सर्व ब्राह्मण सभा के सक्रिय सदस्य श्री सुरेश दवे की पौत्री लाडली युक्ति के जन्मदिवस पर दवे परिवार द्वारा अभिषेक कर चौमुखा महादेव बालिका के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की गई । वही प्रतिमाह की शिवरात्रि (तेरस) पर वर्ष भर अभिषेक का संकल्प लेने वाले युवा अभिभाषक डॉ. ईश्वर बोराणा (छोटे ठाकुर ) द्वारा अपना चौथा अभिषेक किया गया।इन अभिषेकों के अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष ब्रजनन्दन मेहता, भगवान चौमुखा महादेव नित्य अभिषेक अभियान समिति के संयोजक जुगल पंड्या, अभिषेक आचार्य त्रिभुवन जी पंड्या, जनक नागल, अभिषेक व्यवस्थापाक अंकित मिश्रा , प्रहलाद सोलंकी, मोतीलाल, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेकों भक्तगण उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एन.एस.एस. बी-प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न




**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बी-प्रमाण पत्र परीक्षा का गरिमामय आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा कॉलेज के कालिदास कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें पात्र स्वयंसेवकों ने बेहद उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। एन.एस.एस. के जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी ने परीक्षा के नियमों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दो वर्ष की सेवा अवधि और कुल 240 घंटे का श्रमदान पूर्ण करने वाले स्वयंसेवकों के लिए ही इस लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का निष्पक्ष मूल्यांकन करना था।एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी स्वयंसेवकों को अपनी एन.एस.एस. डायरी साथ लाने के विशेष निर्देश दिए गए थे। इस डायरी में उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों और श्रमदान का पूरा विवरण दर्ज होना अनिवार्य था। इस दौरान विधि महाविद्यालय मंदसौर के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कौशिक ने मुख्य परीक्षक के रूप में उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का साक्षात्कार लिया।

## महुपुरा पूरन निवासी एक युवक की जावद के समीप सड़क दुर्घटना में मौत

**नीमच।** कोर्ट में पेशी के सिलसिले में जावद गया लौटते समय हादसे का शिकार। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम ओमराज पिता काशीराम बलई (32) निवासी ग्राम महुपुरा पूरन बताया गया है। परिजनों के मुताबिक ओमराज सोमवार को मोटरसाइकिल से जावद कोर्ट में पेशी के लिए गया था। पेशी पूरी होने के बाद वह शाम करीब 4 बजे अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान जावद के समीप उसकी मोटरसाइकिल अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है।दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल ओमराज को जावद अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय नीमच रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ओमराज ने दम तोड़ दिया।मंगलवार सुबह जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा गया।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## विधिक जगरुकता शिविर में खिलाडी हुए सम्मानित

**नीमच।** जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव एवम मुख्य प्रशिक्षक जय प्रकाश लोधा ने जनकारी देते हुए बताया की जिले के कुल 13 खिलाडियों ने रंगीन बेल्ट परिक्षा पास कर ब्लैक बेल्ट की तरफ एक और सफल कदम बढ़ाया है, सभी खिलाडियों ने रनिंग, वॉर्मअप, ड्रिल, हार्ड वर्क, ब्लॉक पंच, किक, पुमसे, बेसिक टेकनिक्स एवम फाइट मे अपना अपना दम दिखाते हुए यह बेल्ट परिक्षा उत्तीर्ण की है बेल्ट परिक्षा पास करने वाले सभी खिलाडियों को श्री जितेंद्र कुमार बाजोलिया (तृतीय जिला एवम अपर सत्र न्यायधीश) एवम अर्जुन सिंह वर्मा (मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक, रेल्वे नीमच) के हाथो से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एवम उज्वल भविष्य की कामना की गयी, एवम जिला सचिव ने बताया की एक मई 2026 से जिले मै निशुल्क सेल्फ डिफेंस समर केम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमे ५ साल से लेकर 20 साल तक के खिलाडी भाग ले सकते है केम्प के रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क अथवा रेल्वे पुरानी स्कूल पानी की टंकी पर शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच मे आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।



## वार्ड 7 को दी विकास कार्यों की सौगात, सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**सुसनेर।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 7 में खटला गली जमात खाने से होते हुए शमशान रोड तक बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस सड़क निर्माण कार्य से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सावला, पवन शर्मा, टोनी शेख सहित इरशाद खान, साजिद खान, शहजाद खान, मुस्तफा खान, जब्बार खान, इस्लाम खान, सलाम खान, इंटू खान, जाकिर खान, इसाक खान, मकसूद खान, बबलू खान, आशिक खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि नगर में विकास कार्य लगातार जारी हैं और वार्डों की आवश्यकताओं के अनुसार सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



**सुसनेर।** जनपद पंचायत एवं नगर परिषद की मतदाता सूची तैयार करने और पुनरीक्षण कार्य को लेकर सोमवार को डग रोड स्थित एसडीएम कार्यालय में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम किरण वरवड़े ने की। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा त्रुटियों के सुधार संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की गई, ताकि निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, भाजपा महामंत्री कालू सिंह नाहरखेड़ा, कांग्रेस नेता आशिक हुसैन बोहरा, तहसीलदार रामेश्वर दांगी एवं नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राधा कृष्ण मुंगड मंदिर में नानी बाई मायरा की कथा जारी



**तराना।** राधा कृष्ण मुंगड मंदिर में नानी बाई मायरा की कथा के दुसरे दिन भीलवाड़ा राजस्थान से आए पंडित कमलेश सीरोथा बताया कि पुरुषोत्तम मास में दीपदान करने का बहुत महत्व है। तुलसी को शाम के समय दीपक लगाना चाहिए तीर्थ में दीपदान करना चाहिए।सप्तसागरों के दर्शन करना चाहिए जो नारायण के दर्शन करना चाहिए। 84 महादेव के दर्शन करना चाहिए और पूजन करना चाहिए। जमान गोपाल महेश्वरी सुनीता महेश्वरी पूजन किया अति संख्या ने कथा श्रवण की और सता लोगों को मन बहुत किया। सीमा परमार किरण शर्मा कृष्ण भगवान एवं रुक्मिणी जी बने जानकारी पंडित देवकरण शर्मा।

## चिंतामण धर्मशाला भूमि बचाने को लेकर समाजजनों ने सांसद, विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बड़नगर।** श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के गौरव एवं कन्नौद-खातेगांव विधायक आशीष शर्मा के एक दिवसीय बड़नगर आगमन पर समाजजनों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान समाजजनों ने चिंतामण धर्मशाला की भूमि से प्रस्तावित रेलवे लाइन निकलने के कारण समाज को हो रहे संभावित नुकसान को लेकर खुलकर चर्चा की। समाजजनों ने बताया कि उक्त भूमि समाज के प्रत्येक परिवार के सहयोग से क्रय की गई थी और इससे समाज की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने विधायक शर्मा से निवेदन किया कि वे इस भूमि को बचाने तथा रेलवे लाइन को निरस्त कराने हेतु हर संभव प्रयास करें। इस संबंध में समाजजनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विधायक आशीष शर्मा ने समाजजनों के समक्ष ही ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया तथा शीघ्र ही समाजजनों के साथ भोपाल में मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद उज्जैन सांसद अनिल फिरोजियो को विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या, विधायक आशीष शर्मा एवं समाजजनों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सुरेश व्यास, सत्यनारायण शर्मा, ओमप्रकाश व्यास, सुनील मंडलोई, अरविंद व्यास, सुशील शर्मा, कैलाश हलवाई, नंदकिशोर अग्निहोत्री, समीर, राकेश शर्मा नेता, दिनेश धाबाई, मोनू शर्मा पटवारी, आदर्श व्यास, दिनेश शर्मा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। जानकारी युवा अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा दी गई।

खबर का असर : सिविल अस्पताल में फिर शुरू हुई एक्सरे सुविधा, मरीजों को मिली बड़ी राहत

# कई दिनों बाद नियमित समय पर खुला एक्सरे रूम, निजी सेंटरों के चक्कर काट रहे मरीजों ने ली राहत की सांस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर






नगर के सिविल अस्पताल में पिछले कई दिनों से बंद पड़ी एक्सरे सुविधा आखिरकार मंगलवार से पुनः शुरू हो गई। सुबह नियमित समय पर एक्सरे रूम खुलते ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ दिखाई दी और लंबे समय से जांच का इंतजार कर रहे मरीजों ने पहुंचकर अपने एक्सरे करवाए। कई दिनों बाद अस्पताल में जांच सुविधा बहाल होने से मरीजों एवं उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि अस्पताल में पदस्थ एक्सरे टेक्नीशियन के अर्जित अवकाश पर चले जाने के कारण 9 मई से एक्सरे सेवा पूरी तरह बंद पड़ी हुई थी। इस दौरान अस्पताल के एक्सरे रूम पर लगातार ताला लगा रहा जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। डॉक्टरों द्वारा एक्सरे जांच लिखे जाने के बावजूद मरीजों की जांच नहीं हो पा रही थी और उन्हें मजबूरी में निजी सेंटरों पर जाकर महंगे दामों में एक्सरे करवाने पड़ रहे थे। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उठानी पड़ी। कई मरीज लगातार अस्पताल के चक्कर काटते रहे लेकिन सुविधा शुरू नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। मामले को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ। समाचार प्रकाशित होने के बाद एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल ने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान एक्सरे रूम बंद मिला था, जिसके बाद अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने बड़ौद से टेक्नीशियन की व्यवस्था की। जानकारी के अनुसार सोमवार को नलखेड़ा से आने वाले टेक्नीशियन का एक्सीडेंट हो जाने के कारण सेवा शुरू नहीं हो सकी थी लेकिन मंगलवार को बड़ौद से टेक्नीशियन पहुंचने के बाद एक्सरे सुविधा फिर से शुरू कर दी गई। सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की कतार लगी रही और एक-एक कर मरीजों की जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि सुसनेर सिविल अस्पताल में एक्सरे सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है और अब नियमित रूप से मरीजों की जांच की जाएगी। क्षेत्रीय नागरिकों ने कहा कि समाचार प्रकाशित होने और प्रशासनिक सक्रियता के बाद ही व्यवस्था पटरी पर लौट सकी। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि मरीजों को समय पर सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# सामूहिक विवाह से गरीब लड़के लड़कियों का निकाह शबाब का काम

सब्र ग्रुप ने किया 35 जोड़ों का निकाह , सभी को दिया गृहस्थी का पूरा सामान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



सब्र ग्रुप के माध्यम से पिछले कई वर्षों से सामूहिक निकाह का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी 17 मई को आलोट पाएगा स्कूल के सामने सामूहिक विवाह ( निकाह ) का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत देवास, इंदौर , भोपाल, उज्जैन, शाजापुर, शुजालपुर, राजगढ़ सहित आसपास के युवक यूवतियों का सामूहिक निकाह काजी जनाब मौलाना अबुल कलाम फारूक की उपस्थिति में किया गया। निकाह के दौरान सभी को गृहस्थी का सारा सामान उपहार स्वरूप दिया गया जिसमें घरेलू सामान के साथ सोने चांदी के आभूषण भी दिए गए ।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य पत्रकार साथियों का समाज सेवियों का एवं मेधावी छात्र छात्रों का पुष्प माला पहनना पहनकर, साफा बांधकर एवं स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि आज के इस दौर में सामूहिक विवाह हो या निकाह दोनों ही पुण्य का काम है मैं सब ग्रुप को बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत ही अच्छे ढंग से गरीब लड़के लड़कियों का विवाह सम्पन्न कराया समाज में इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए जिससे कि समाज का वंचित वर्ग इसका लाभ उठा सके ।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक शौकत हुसैन ने किया एवं आभार जावेद बाबा सदर ने माना। इस अवसर पर मेव समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजगर भाई मोहम्मद साहब जावरा पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर मनोज राजानी प्रदीप चौधरी मनीष चौधरी प्रयास गौतम सलीम मामू सुधीर शर्मा वसीम हुसैन रमजान भाई वाहिद सदर यूनुस भाई सरपंच रईस भाई सरपंच शरद अग्रवाल बच्चू मामू ईशान राणा साजिद भाई इम्तियाज शेख भल्लू रविंद्र सोनी मुजफ्फर हाजी राकेश शर्मा मंजू दरबार फैजान भाई रघु भाई जानी भाई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक समाज जन उपस्थित थे ।

44 डिग्री तापमान से जनजीवन बेहाल

## लू और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े, दोपहर में सड़कें सूनी और बाजारों में सन्नााटा पसरा

**सारंगपुर।** सारंगपुर एवं आसपास के क्षेत्रो में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में तापमान लगातार बढ रहा है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। सोमवार को सुबह 11 बजे का तापमान 40 डिग्री रहा, जो दोपहर तक बढकर 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग प्रभावित हैं। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में शहर की सडकों पर आवाजाही कम हो गई है। बाजारों और मुख्य चौराहों पर सन्नााटा पसरा हुआ है। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जबकि अधिकांश खरीदारी सुबह और शाम को ही कर रहे हैं। गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड रहा है। सिविल अस्पताल और निजी अस्पतालों में लू, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और कमजोरी के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, तेज गर्मी और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले मजदूर विशेष रूप से प्रभावित हैं। भीषण गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव पशु-पक्षियों पर भी देखा जा रहा है, और पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति भी गंभीर होती जा रही है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं और आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी हो सकती है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

## बिना अनुमति के चौराहे पर प्रदर्शन का मामला

**शुजालपुर।** शहर के कालीमाता चौराहे पर नीट परीक्षा 2026 के कथित पेपर लीक तथा पेट्रोल.डीजल एवं सीएनजी के बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगल सिंह राठौर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए महंगाई का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान चौराहे पर भीड़ एकत्र होने से आमजन का आवागमन प्रभावित हुआ। प्रकरण में अजय मोरटे, मनोहर जाटव, गौरव परमार, पियूष शर्मा, मंगल सिंह राठौर, विष्णु शर्मा, सिद्दीक खान पठान एवं रईस पठान सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि बिना अनुमति प्रदर्शन किए जाने पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शिकायत के बाद प्रशासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था

# वार्ड 12 में पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित तुलसीनगर क्षेत्र में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी लम्बे समय से अवरूद्ध हो गई थी, जिसके कारण नागरिक परेशान हो रहे थे। वार्डवासियों की लगातार शिकायत के बाद प्रशासन ने निकासी में उत्पन्न किए गए अवरोध को पुलिस बल की मदद से हटवाया, हालांकि यहां पर स्थाई व्यवस्था नहीं हो पाई है। रहवासियों ने बताया कि तुलसीनगर में दीप्ती कांवेंट विद्यालय के पीछे से निकलने मार्ग से सटी हुई भूमि में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला परम्परागत रूप से बना हुआ था, जिसके माध्यम से कॉलोनी का पानी आगे की और चला जाता था, लेकिन कॉलोनी में भूखंड लगातार विक्रय होने के बाद एक स्थान पर मटेरियल डाले जाने से यह नाला अवरूद्ध हो गया था, जिसके कारण पिछले कुछ महिनों से गंदे पानी की निकासी बंद हो गई थी और गंदे पानी का फेलाव हो रहा था, जिससे बिमारी फैलने का भी अंदेशा था। इस संबंध में रहवासियों ने विभिन्न स्तर पर शिकायत की थी। जिसके बाद राजस्व विभाग व अन्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और नाले को अवरूद्ध करने वाले मटेरियल को हटवाया गया। हालांकि निकासी की स्थाई व्यवस्था अभी नहीं की गई। आगामी वर्षाकॉल में यहां पर जल भराव की भी स्थिति बन सकती है। कॉलोनीवासियो ने नगर पालिका से गंदा पानी निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था किए जाने की मांग की।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट का राष्ट्रव्यापी बंद कल:

# दवा व्यापारियों ने की ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।




अखिल भारतीय केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन (एआइओसीडी) के आह्वान पर सारंगपुर सहित देशभर के दवा व्यापारियों ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है। यह बंद ऑनलाइन दवा बिक्री और केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए कुछ नए नियमों के विरोध में किया जा रहा है। थोक और खुदरा दवा व्यापारी स्वेच्छा से इसमें शामिल होंगे।

सारंगपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के राजीव पाटीदार, शोएब खान, शोएब हसन राही, सौरभ वर्मा ने बताया कि अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री उनके व्यवसाय के लिए गंभीर खतरा बन गई है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि इससे मरीजों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि बडी कॉर्पोरेट कंपनियाँ भारी छूट देकर दवा बाजार पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे छोटे व्यापारियों का अस्तित्व संकट में है।

**ऑनलाइन बिक्री के विरोध में कल बंद**

पाटीदार ने भारत सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने और अवैध प्लेटफॉर्मों पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ नियमों, जैसे टास्क 818 और 220, को वापस लेने की भी मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि इन नियमों के कारण उन्हें कई व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड रहा है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सारंगपुर क्षेत्र के सभी थोक और खुदरा दवा व्यापारियों से 20 मई को अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस राष्ट्रव्यापी बंद को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन दवा व्यापार की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है, और सभी को एकजुट होकर इसका समर्थन करना चाहिए।

**अस्पतालों में आपात सेवाएं जारी रहेंगी**

एसोसिएशन के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं और सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहेंगी। संगठन ने बताया कि यह बंद केवल विरोध का प्रतीक नहीं है, बल्कि दवा व्यापार में पारदर्शिता, सुरक्षा और छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।



## संगठन विस्तार से संगठन का कार्य और कार्यकर्ता का विकास-अग्रवाल

**सारंगपुर।** लघु उद्योग भारती का ध्येय राष्ट्र हित सर्वोपरि है, सदस्यता का विस्तार संगठन का मुख्य लक्ष्य है। लघु उद्योग भारती की उज्जैन में आयोजित मालवा अंचल की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त वक्तव्य लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने कहे। इस बैठक में सारंगपुर क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण शामिल हुए। इस दौरान लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मप्र के प्रभारी ताराचंद गोयल ने सदस्यों से कहा कि लघु उद्योग भारती नहीं होती तो हमारा जीएसटी सफल नहीं होता, भारत सरकार के पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने जीएसटी में लघु उद्योग भारती के प्रयासों की सराहना की। लघु उद्योग भारती के राजगढ जिला अध्यक्ष अंशुल श्रीमाल सारंगपुर ने अपने संबोधन में कहा कि अंचल की बैठकों का उद्देश्य औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, कहीं ना कहीं कोई बिंदु है विषय है जो हमे जोडने का काम करते है, उद्योग हित राष्ट्र हित यह हेतु है लघु उद्योग भारती का है यहीं बिंदु हमे जोडता है जिसके लिए हम एकत्रित हुए है। श्रीमाल ने कहा कि सदस्यता वृद्धि और कार्य की निरन्तरता जो भी स्वरूप परिवर्तन कर रहा है निर्माण में लगी हुई।

## पुष्पद बने फूलमाली समाज खरिया पंचायत के अध्यक्ष



**सारंगपुर।** खरिया मोहल्ला पंचायत फूलमाली समाज की बैठक सारंगपुर समाज सचिव गोरी लाल पुष्पद की अध्यक्षता में बैठक मोहल्ला खारिया में संपन्ना हुई जिसमें पूर्व पार्षद शिव नारायण पुष्पद को मोहल्ला खारिया पंचायत के अध्यक्ष सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गया। बैठक में केसर सिंह पुष्पद, मदनलाल पुष्पद, रामेश्वर पुष्पद, पुर्व अध्यक्ष रवि पुष्पद, अनोखी लाल पुष्पद, देवचंद पुष्पद, जालम सिंह उस्ताद आदि समाज के वरिष्ठजन एवं युवाओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढाने पर चर्चा की। नवनियुक्त अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाजहित में मिलजुलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर समाजजनों ने पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

फिजूलखर्ची पर प्रहार

## 11वें इज्तिमाई शादी सम्मेलन में निकाह के बंधन में बंधे 32 जोड़े



**सारंगपूर।** आधुनिक युग में शादियों में होने वाले बेतहाशा खर्च और फिजूलखर्ची को रोकने तथा निकाह जैसी पवित्र प्रथा को सरल व सुलभ बनाने के उद्देश्य से सारंगपुर में एक सराहनीय पहल देखने को मिली है। यहाँ इज्तिमाई शादी कमेटी सारंगपुर के तत्वाधान में इस वर्ष रविवार रात्रि में 11वां इज्तिमाई शादी (सामूहिक विवाह) सम्मेलन बेहद उत्साह और गरिमामयी माहौल में संपन्ना हुआ। इस भव्य आयोजन में कुल 32 जोडे एक साथ निकाह के पवित्र बंधन में बंधे और अपने नए दांपत्य जीवन की शुरूआत की। निकाह मौलाना मिस्बाहउद्दीन साहब, मौलाना आसिफ साहब, मौलाना साजिद साहब आदि ने पढ़ाया। कमेटी के संयोजक एजाज यादें एवं मुस्ताक अंसारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को अकोदिया रोड बायपास स्थित गार्डन में आयोजित किया गया था। आयोजन को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा गया। जैसे ही निकाह की रस्में शुरु हुईं, पूरा पंडाल दुआओं और बधाइयों से गूंज उठा। इस सामूहिक निकाह सम्मेलन की सफलता पर स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने कमेटी के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि आज के दौर में ऐसे आयोजन न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मददगार साबित होते हैं, बल्कि समाज में सादगी और एकजुटता का एक बडा संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम के अंत में कमेटी संयोजक यादें एवं पदाधिकारियों ने सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## जनपद सदस्य प्रतिनिधि पटेल का निधन

**खरसौदकलां।** बड़नगर जनपद पंचायत के खरसौदकलां क्षेत्र में जनपद सदस्य प्रतिनिधि हरिशंकर पटेल 55 वर्षिय का रविवार देर रात निधन हो गया। पटेल पिछले दिनों से अस्वस्थ थे। पटेल की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजजन के अलावा ग्रामीणजन ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिसमें मुख्य रूप पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा ,मंडल अध्यक्ष विजयराज सिंह राठौर, पंकज बारिया जिला पंचायत सदस्य अर्जुन पटेल, सुरेश पटेल, दिनेश सनोलिया कमलनाथ योगी आदि ने व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।पटेल को मुखाग्र अग्नि पुत्र लुपिन पटेल ने दी।

# फेस सीरम से बनाएं स्किन को यंग और फ्रैश

स्किन को जवां बनाए रखने के लिए हम क्या क्या नहीं करते हैं . कभी क्रीम्स बदलते हैं , कभी महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का चयन करते हैं तो कभी स्किन ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं .



अभी तक आपने फेस स्क्रब , मॉइस्चराइजर के बारे में तो खूब सुना ही होगा और इसे आप अपने स्किन केयर रूटीन में इस्तेमाल भी करते होंगे। लेकिन फेस सीरम ज्यादा प्रचलित नहीं होने के कारण या फिर इसके फायदों से अनजान रहने के कारण हम सब इसे अपने मेकअप रूटीन में शामिल करने से डरते हैं , लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये फेस सीरम स्किन के लिए किसी मैजिक से कम नहीं होता है। जो भी लड़की या महिला इसे रोजाना इस्तेमाल करती है , उसकी स्किन ज्यादा यंग व जवां नजर आती है। ऐसे में आपके लिए ये जानना बहुत जरूरी है कि फेस सीरम है क्या और आप किन इंग्रीडिएंट्स से बने फेस सीरम का इस्तेमाल करके अपनी स्किन को फायदा पहुंचा सकती हैं।

स्किन को जवां बनाए रखने के लिए हम क्या क्या नहीं करते हैं। कभी क्रीम्स बदलते हैं , कभी महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का चयन करते हैं तो कभी स्किन ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर आप एक बार फेस सीरम को अपने डेली रूटीन में शामिल कर लेंगे फिर तो आपकी स्किन चमक दमक उठेगी। अगर आप भी ऐसा कॉम्प्लिमेंट पाना चाहती हैं तो जरूर ट्राई करें फेस सीरम।

असल में ये वाटर बेस्ड व बहुत ही लाइट वेट होने के कारण स्किन में आसानी से अब्सॉर्ब हो जाता है। साथ ही इसमें इतने ज्यादा एक्टिव इंग्रीडिएंट्स होते हैं , जो स्किन को हाइड्रेट, यंग व उसकी प्रोब्लम्स पर फोकस करके उसमें अलग ही तरह का ग्लो व अट्रैक्शन लाने का काम करते हैं। ये असल में त्वचा में कसाव, चमक व नमी लाकर उसे यंग बनाने का काम करता है। लेकिन तभी जब आपका फेस



## कैसा हो आपका सीरम

### विटामिन सी

अगर बात हो विटामिन सी की तो ये न सिर्फ शरीर की इम्युनिटी को बूस्ट करने का काम करता है , बल्कि ये स्किन की भी इम्युनिटी को बूस्ट करने में काफी मददगार होता है। साथ ही इसकी एंटी एजिंग प्रोपर्टीज स्किन को हमेशा यंग बनाए रखती है। बता दें कि विटामिन सी त्वचा में असामान्य मेलेनिन के उत्पादन को रोकने का काम करता है। जिससे त्वचा की रंगत सामान्य हो जाती है, साथ ही डार्क स्पोट्स , सन स्पोट्र्स , मुंहासों के कारण होने वाले दागधब्बों को कम करने व मेलास्मा के कारण होने वाली हाइपरपिगमेंटेशन को कम करने का काम करता है। बता दें कि ये इंग्रीडिएंट कोलेजन का निर्माण कर-के हैल्दी स्किन देने का भी काम करता है। इससे स्किन चमक उठती है। तभी तो ये एक्टिव इंग्रीडिएंट स्किन सीरम की जान बन जाता है।

**बेस्ट फोर स्किन-** वैसे तो विटामिन सी हर किसी की स्किन के लिए बेस्ट है, लेकिन अगर आप झुर्रियों व फाइन लाइन्स से फाइट करना चाहते हैं या फिर आप एजिंग से दूर रहना चाहते हैं तो आपके सीरम में विटामिन सी इंग्रीडिएंट का होना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप बायोटिक का विटामिन सी डार्क स्पोट फेस सीरम, द मोम्स कंपनी नेचुरल विटामिन सी फेस सीरम, लक्मे 9 टू 5 विटामिन सी फेशियल सीरम का चयन कर सकती हैं।

### लुरोनिक एसिड

स्किन की अगर नमी खत्म होने लगती है , तो स्किन बेजान व स्किन का सारा चार्म खत्म होने लगता है। लेकिन ह्यलुरोनिक एसिड स्किन को हाइड्रेट करने का काम करता है, स्किन के मोइस्चर को स्किन में लौक करने का काम करता है । ये स्किन को रिपेयर करने में भी मदद करता है, साथ ही ये डैमेज टिश्यू तक ब्लड फ्लो को पहुंचाता है। जिस भी फेस सीरम में ह्यलुरोनिक एसिड होता है , वो सीरम स्किन के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है।

**बेस्ट फोर स्किन-** अगर आपकी स्किन ड्राई है और आप उसे नौरिश करना चाहते हैं तो आप ह्यलुरोनिक एसिड युक्त सीरम का ही चयन करें। क्योंकि ये स्किन सेल्स में वाटर को बाइड करके उसे स्मूद , हाइड्रेट और फ्रेश फील करवाने का काम करता है। और जब स्किन हाइड्रेट रहती है तो स्किन पर एजिंग के निशान भी नहीं दिखाई देते हैं। इसके लिए आप इट्स स्किन का ह्यलुरोनिक एसिड मॉइस्चराइजर सीरम, लोरियल पेरिस के ह्यलुरोनिक एसिड फेस सीरम का चयन करके अपनी स्किन को ग्लोइंग व हाइड्रेट कर सकते हैं।

### रेटिनोल

रेटिनोल का सीधा संबंध कोलेजन के उत्पादन में तेजी लाने व हैल्दी सेल्स में तेजी से वृद्धि करना होता है। आप कह सकते हैं कि सीरम में रेटिनोल स्टार इंग्रीडिएंट के रूप में काम करता है। ये झुर्रियों, फाइन लाइन्स व एक्ने मार्क्स को हलका करके स्किन के ग्लो व उसकी स्मूदनेस को बनाए रखने का काम करता है।

बेस्ट फोर स्किन- ये नार्मल से ड्राई स्किन सभी पर सूट करता है। साथ ही ये पोर्स को अनब्लॉक करके एक्ने से लड़ने में बहुत ही असरदार होता है।

# घर पर बने ये उबटन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे



मौसम में परिवर्तन, तेज हवा, धूल व प्रदूषण से त्वचा निरंतर प्रभावित होती है। ऐसे में उस की उचित देखभाल न की जाए तो असमय ही चेहरे की त्वचा झुर्रियों व झांइयों का शिकार होने लगती हैं। अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार घरेलू उबटनों का प्रयोग कर के उसे स्वस्थ सुंदर व चमकदार बनाया जा सकता है। सौंदर्य विशेषज्ञा कहती हैं कि उबटन से त्वचा कांतिमय बनती है। उस में गजब का निखार आ जाता है। तभी तो शादी के 1 माह पहले से दुलहन को रोज उबटन लगाया जाता है। बस इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि उबटन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं वह आप की त्वचा के अनुकूल हो, साथ ही जब उबटन को स्क्रब करें तो हलके हाथों से करें। ताकत के साथ उबटन को न छुड़ाएं। ऐसा करने से त्वचा क्षतिग्रस्त हो सकती है। उस पर रैशेज पड़ सकते हैं। हलके हाथों से गोलाई में घुमाते हुए उबटन हटाएं।

## फायदे अनेक

उबटन के प्रयोग से त्वचा में नमी व चमक बनी रहती है। वह मृत त्वचा को हटा कर त्वचा को नई ताजगी प्रदान करता है। उबटन के प्रयोग से त्वचा का रक्तसंचार सुचारू बना रहता है, क्योंकि इस के उतारने में त्वचा की खुद ही मालिश हो जाती है। उबटन रंग को भी निखारता है। झुर्रियों, झांइयों से त्वचा को छुटकारा दिलाता है।

ज्यादातर उबटनों में हलदी का प्रयोग किया जाता है। अतः त्वचा कई रोगों से बची रहती हैं। अनेक लाभ होने के बावजूद उबटन का प्रयोग सदैव अपनी त्वचा के अनुरूप ही करना चाहिए। जैसे सूखी त्वचा के लिए कभी खट्टे फल जैसे नीबू, संतरे का रस प्रयोग नहीं करना चाहिए।

**रंगत निखारने का उबटन-** 2 चम्मच मलाई, 1 चम्मच बेसन व चुटकी भर हलदी मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरा धो ले। रंगत निखरने लगेगी।

1 चम्मच उरद दाल को कच्चे दूध में भिगो दें। पीस कर पेस्ट बनाएं। फिर इस में थोड़ा सा गुलाबजल मिला कर चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर सूखने दें। फिर धीरेधीरे गोलाई में रगड़ते हुए उतार दें और चेहरे को धो लें। त्वचा चमक उठेगी।

2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच सरसों का तेल व थोड़ा सा दूध मिला कर पेस्ट बना लें। पूरे शरीर पर इस उबटन को लगा लें। कुछ देर बाद हाथ से रगड़ कर छुड़ाएं और नहा लें। त्वचा मुलायम हो जाएगी।



हैदराबाद ने चेन्नई को पांच विकेट से हराया

# सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ में पहुंची

## किशन का अर्धशतक, हेनरिक चूके, ईशान और क्लासेन ने किया कमाल

एजेंसी ▸▸ चेन्नई



चेपॉक के मैदान पर सोमवार का दिन सनराइजर्स हैदराबाद के डबल-धमाका यानी ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन के नाम रहा। इन दोनों धाकड़ बल्लेबाजों की बदौलत हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स का 181 रनों का लक्ष्य 19 ओवर में ही हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ हैदराबाद तो प्लेऑफ में पहुंची ही, गुजरात टाइटंस को भी फायदा हो गया। वह भी प्लेऑफ में पहुंच गई है। बेंगलुरु एक दिन पहले ही जगह बना चुकी है। इसलिए अब सिर्फ एक स्थान बाकी है। वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए हार के बाद उम्मीदें बेहद धूमिल हो गई हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे ईशान किशन (70) बिल्कुल अलग मूड में थे। चेन्नई के गेंदबाजों ने जैसे ही लाइन-लेंथ में थोड़ी भी ढील दी, ईशान ने उन पर चौकों-छक्कों की बौछार कर दी। ईशान की आक्रामक बल्लेबाजी ने चेन्नई के स्पिनरों को भी बैकफुट पर धकेल दिया और हैदराबाद को वह शुरूआती गति (मोमेंटम) दे दी, जिसकी टीम को सख्त जरूरत थी।

: ईशान किशन द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर हेनरिक क्लासेन (47) ने अपनी बल्लेबाजी का आलीशान महल खड़ा किया। स्पिनर्स के खिलाफ दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार क्लासेन ने आते ही चेन्नई के फिरकी गेंदबाजों के खिलाफ लंबे-लंबे छक्के टांगना शुरू कर दिया। उनके ट्रेडमार्क ह्यपुल शॉट्सह्ल और ह्यलॉफ्टेड ड्राइव्सह्ल का चेन्नई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

इससे पहले टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करने उतरी हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने टर्निंग पॉइंट बनाया था। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में महज 28 रन देकर 3 बड़े विकेट चटकाए। कमिंस ने सबसे पहले खतरनाक दिख रहे संजू सैमसन (27) को आउट कर चेन्नई की रफ्तार पर ब्रेक लगाया। इसके बाद सेट हो चुके युवा कार्तिक शर्मा (32) और फिर कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (15) को अपनी तीखी बाउंसर पर जाल में फंसाकर चेन्नई को 200 रन के पार जाने से रोक दिया।

### धौनी आए पर खेले नहीं

धौनी चेन्नई के आखिरी घरेलू मैच में मैदान पर उतरे तो चेपॉक स्टेडियम में प्रसंशकों की गूंज अलग ही स्तर पर पहुंच गई। चोट के चलते पूर्व कप्तान अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे, लेकिन पारी के बीच में उनका उतरना स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यादगार रहा।

### फोरेस्ट ने ड्रॉ पर रोका

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक टूनामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा पर एकमात्र जीत और तीन ड्रॉ के बाद प्रज्ञाननंदा के संभावित चार में से 2.5 अंक है।

# एफ-1ड्राइवर बनना चाहते थे आरोन, अब गोल्फ में रचा इतिहास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

18 मई 2026 की चमकीली सुबह जब 31 साल के आरोन राय ने पीजीए चैंपियनशिप की प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने हाथों में उठाई, तो इतिहास की किताबों में एक नया पन्ना जुड़ गया। वह पिछले 107 वर्षों में यह मेजर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर बन गए। राय पहले फॉमूर्ला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया।

इस ऐतिहासिक जीत की गूंज सिर्फ अमेरिका के गोल्फ कोर्स में नहीं, बल्कि इंग्लैंड के वॉल्वरहैम्प्टन के एक छोटे से घर और भारत में पंजाब की मिट्टी तक सुनाई दी है। उनके पिता का नाम 'अमरीक सिंह राय', मां का नाम ह्यदलवीर शुक्लाह्ल है। आरोन की मां दलवीर 1970 के दशक में अशांत केन्या को छोड़कर एक शरणार्थी के रूप में ब्रिटेन आईं थीं। वहीं उनके पिता अमरीक सिंह, जो इंग्लैंड में पले-बढ़े, एक साधारण टेनिस कोच थे। संसाधनों की कमी के बावजूद, अमरीक सिंह ने बेटे के इस महंगे खेल के सपने को मरने नहीं दिया। वे आरोन को हर रोज गोल्फ कोर्स ले जाते, घंटों उनके साथ खड़े रहते और उनकी तकनीक को सुधारते। आरोन दुनिया के उन चुनिंदा गोल्फरों में हैं जो अपने दोनों हाथों में दस्ताने पहनकर खेलते हैं। एक ऐसी आदत जो उन्हें उनके पिता ने बचपन में ठंड से बचाने और ग्रिप मजबूत करने के लिए सिखाई थी।

पीजीए चैंपियनशिप जीतने के बाद बेहद शांत स्वभाव के आरोन राय ने कहा, 'गोल्फ एक अद्भुत खेल है।

### ऑस्ट्रेलिया में सलीमा को कमान

**नई दिल्ली।** मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार को चुनी गई महिला हॉकी टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका मिला है। पर्थ में 26 से 30 मई तक होने वाले मुकाबलों में भार' पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने को तैयार है। यह दौरा नेशंस कप की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है जो ऑकलैंड में 15 से 21 जून के बीच आयोजित होगा। सलीमा के साथ सविता, सुशीला चानू पुखरामबाम, लालरेमसियामी और नवनीत कौर जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहेंगी।


**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बच्चों के विवाद में भिड़ गए पड़ोसी देसी कट्टे से चलाई गोली पैर में लगी

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में सोमवार रात को बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। इसके बाद विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, गोली एक युवक के पैर में लगी और वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इधर, पुलिस ने गोली चलाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना खजराना थाना क्षेत्र के अशरफी नगर की है। यहां पर पड़ोसियों के बच्चों में विवाद हो गया था, जिसके बाद विवाद बड़ों में भी हो गया। इस विवाद में इरशाद नामक एक युवक ने देसी कट्टे से फायर कर दिया, गोली वसीम के पैर में जा लगी थी। इस मामले में वसीम की शिकायत पर पुलिस इरशाद और साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इरशाद ने वारदात में जिस देसी कट्टे का इस्तेमाल किया वह अवैध था। उससे जानकारी निकाली जा ही है कि वह ये देसी कट्टा कहां से लेकर आया था और कट्टे को अपने पास किस वजह से रखा था। आरोपी के बारे में जानकारी मिली है कि इस पर मारपीट और लड़ाई झगड़े के कुछ मामले पहले के हैं। इधर, घायल के पैर में गोली लगी है, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है, फिलहाल उसकी हालत ठीक है।

### डॉ. अमन के रूम में कारण तलाशते रहे परिजन, प्रेम प्रसंग पर टिकी जांच

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में रविवार देर रात पीजी डॉक्टर अमन पटेल की पांचवीं मंजिल से गिरने से मौत के मामले में शुरूआती जांच आत्महत्या की ओर इशारा कर रही है। पुलिस को अब तक रैगिंग या किसी विवाद जैसे ठोस कारण नहीं मिले हैं, जबकि घटनास्थल से मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और कुछ इनपुट के आधार पर प्रेम प्रसंग के एंगल पर भी पुलिस काम कर रही है। जानकारी के मुताबिक डॉ. अमन पटेल शांत स्वभाव और होनहार छात्र माने जाते थे। उनका पीजी कोर्स करीब छह महीने बाद पूरा होने वाला था। सोमवार को मेडिकल कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में साथी डॉक्टरों और शिक्षकों ने गहरा दुख जताया, लेकिन मौत के कारणों पर कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं हुआ। रविवार रात करीब ढाई बजे पुलिस, कॉलेज प्रबंधन और साथियों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवायएच भेजा। सोमवार दोपहर जबलपुर से परिजन पहले हॉस्टल पहुंचे और घटनास्थल देखकर भावुक हो गए। बाद में वे मचुर्री पहुंचे, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच के दौरान पुलिस और फोरेंसिक टीम ने हॉस्टल की छत का निरीक्षण किया। वहां दो गेट मिले, जिनमें एक पर ताला लगा था जबकि दूसरा खुला था। पुलिस को आशंका है कि डॉ. अमन रात में छत पर गए और बाहर से दरवाजा बंद कर छलांग लगा दी। मौके पर खून के निशान और अन्य परिस्थितियों से भी आत्महत्या की संभावना मजबूत मानी जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि हॉस्टल के कई ब्लॉकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं या खराब पड़े हैं। सुरक्षा व्यवस्था भी सीमित है। छात्रों और कर्मचारियों ने बताया कि छत और आसपास शराब की बोतलें भी पड़ी रहती हैं। पुलिस को शव के पास से डॉक्टर का टूटा हुआ मोबाइल मिला है। मोबाइल की कॉल डिटेल और चैटिंग की जांच की जा रही है। करीबी साथियों के मुताबिक घटना से पहले डॉ. अमन किसी महिला मित्र से वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे और उसके बाद तनाव में दिखाई दिए। कुछ साथियों के पास बाद में एक महिला का फोन भी आया था, जिसमें अमन के बारे में पूछा गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

### बारिश के दौरान शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों को लेकर प्रशासन सतर्क

**इंदौर।** हर साल बारिश आते ही पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। सड़कों पर ट्रैफिक जाम लग जाता है और वाहन घंटों रेंगते रहते हैं। इसके साथ शहर के निचले इलाकों वाली बस्तियों में भी हर साल सैकड़ों घर पानी में डूब जाते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस साल प्रशासन बारिश से पहले ही अलर्ट पर है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को विशेष रूप से इसके लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में कहा कि शहर के सभी छोटे-बड़े नालों, पानी की निकासी वाले चैनलों, तालाबों के आसपास के क्षेत्रों तथा जलभराव की आशंका वाले निचले स्थलों की समय रहते साफ-सफाई पूरी कर ली जाए। इसके साथ ही स्टॉर्म वॉटर लाइन और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई को प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा गया है ताकि भारी बारिश के दौरान शहर के किसी भी हिस्से में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो सके। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली अतिवृष्टि और बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटना था। बैठक में नगर निगम, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड और एसडीआरएफ सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस उच्च स्तरीय बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन के साथ-साथ अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय और रिंकेश वैश्य ने भी सहभागिता की और जिले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया।

### इंदौर में लगातार हो रहे आग लगने के हादसों पर लापरवाही पड़ रही भारी

इंदौर में लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। सुरक्षा मानकों में हो रही लापरवाही अब भारी पड़ रही है। इस सप्ताह में ही आग लगने की चार बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। नगर निगम की टीमें समय समय पर सुरक्षा मानकों की जांच करती है लेकिन गोदाम मालिकों, फैक्ट्री संचालकों और इमारतों में हो रही लापरवाही की वजह से आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आज ही खजराना थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर हादसे की खबर सामने आई है। यहां कर्बला मैदान के समीप स्थित एक टेंट हाउस के बड़े गोदाम में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। यहां पर भी न तो आग बुझाने के उपकरण थे न ही सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा गया। यहां पर आग की लपटें इतनी तेज और भयानक थीं कि कुछ ही समय में आसमान में काले धुएं का एक विशाल गुबार छा गया, जो कई किलोमीटर दूर से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। इस भयावह घटना को देखकर आस-पास के इलाके के लोगों में दहशत और हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिकों द्वारा घटना की जानकारी तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड की टीम बिना समय गंवाए तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंची और बिना किसी देरी के आग पर काबू पाने की मशक्कत में जुट गई। दो दिन पहले धार रोड स्थित प्लास्टिक दाना फैक्ट्री और सांवेर रोड स्थित रुई गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। धार रोड पर आग इतनी विकराल थी कि उसे बुझाने के लिए दमकल की 7 गाड़ियों के साथ पोकलेन मशीन और फायर फाइटिंग रोबोट की मदद लेनी पड़ी।

### पॉक्सो के 88 प्रतिशत मामलों में आरोपी बरी, एक साल में 331 फैसले

**इंदौर।** बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण देने के लिए बने पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के तहत दर्ज मामलों में भोपाल में सजा का प्रतिशत बेहद कम है। पिछले एक साल में अदालतों ने पॉक्सो के 331 मामलों में फैसला सुनाया, लेकिन इनमें सिर्फ 40 मामलों में ही आरोपियों को सजा हो सकी। बाकी 291 मामलों में आरोपी बरी हो गए। थाना क्षेत्रवार आंकड़ों में सबसे ज्यादा मामले कोलार थाने से जुड़े रहे। यहां 33 मामलों में फैसला आया, लेकिन केवल 3 मामलों में सजा हुई। निशातपुरा और हबीबगंज थाना क्षेत्र में 22-22 मामलों का फैसला हुआ। हबीबगंज में सिर्फ एक आरोपी को सजा मिली, जबकि निशातपुरा में 4 मामलों में सजा और 18 में बरी होने के आदेश हुए। विशेषज्ञों के मुताबिक, कई मामलों में सामाजिक दबाव, समझौते या बाद में बदलते बयानों के कारण केस कमजोर पड़ जाते हैं। कुछ मामलों में लड़का-लड़की की सहमति भी होती है, लेकिन लड़की के नाबालिग होने के कारण पॉक्सो के तहत मामला दर्ज हो जाता है। कई मामलों में पति शादी के बाद जेल में बंद हैं। ऐसे मामलों की संवेदनशील और सूक्ष्म जांच जरूरी है।

इंदौर में शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान को हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया, एक करोड़ मांगे

# क्राइम ब्रांच ने महिला शराब तस्कर सहित 5 को हिरासत में लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर में शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान को हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच ने महिला शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसके बेटे जयदीप, प्रॉपर्टी कारोबारी लाखन चौधरी समेत हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा को हिरासत में लिया है। आरोप है कि ये गैंग, कारोबारी के निजी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए की डिमांड कर रहा था।

मामले की मास्टरमाइंड श्वेता विजय जैन को बताया जा रहा है, जो 2019 के बहुचर्चित हनी ट्रैप केस में सजा काट चुकी है। उसे भी हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल, जांच जारी रहने की बात कहते हुए पुलिस ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर रही है। डीसीपी (क्राइम) राजेश त्रिपाठी ने बताया कि बाणगंगा इलाके में रहने वाले 45 वर्षीय हितेंद्र सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज करा कर उन्होंने बताया था कि द्वारकापुरी निवासी अलका दीक्षित से उनकी जान-पहचान है। अलका अवैध शराब तस्करी से जुड़ी रही है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

चौहान ने कहा- अलका ने मेरी मुलाकात खंडवा निवासी लाखन चौधरी से करवाई थी। वह पीथमपुर के पास खंडवा गांव का रहने वाला है। लाखन ने खुद को बड़ा निवेशक बताते हुए देवास, धार, खंडवा और आसपास प्रॉपर्टी बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव दिया। मैंने प्रस्ताव ठुकरा दिया तो अलका और लाखन ने दबाव बनाना शुरू कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इंटेलिजेंस ब्रांच का हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा लगातार अलका के संपर्क में था। दोनों के बीच चैटिंग भी सामने आई। यह भी पता लगा कि कारोबारी के निजी वीडियो और फोटो अलका ने विनोद शर्मा को भेजे थे। विनोद ने ही अलका को कारोबारी पर दबाव बनाने और धमकाने की सलाह दी थी।

#### फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी

चौहान के मुताबिक, कुछ समय बाद लाखन दोबारा मिला और धमकी भरे अंदाज में कहा- प्रॉपर्टी बिजनेस में 50 प्रतिशत की साझेदारी करनी होगी, वरना हम तुम्हारे अश्लील फोटो-वीडियो वायरल कर देंगे। मैंने फिर भी उनकी बात नहीं मानी। करीब 20 दिन पहले मैं किसी काम से सुपर कॉरिडोर गया था। वहां अलका, अपने बेटे जयदीप और लाखन के साथ पहुंच गई। तीनों ने मेरे साथ मारपीट की। रुपए नहीं देने पर गोली मारने की धमकी भी दी। एक करोड़ रुपए की मांग करते हुए उन्होंने कहा- ऐसा हाल करेंगे कि समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं बचोगे।

#### क्राइम ब्रांच का सीक्रेट मिशन, 40 जवानों की 7 टीमें बनाईं

इसके बाद हितेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। शिकायत मिलते ही क्राइम ब्रांच एक्टिव हो गई। 17 मई को रात 2 बजे एडिशनल कमिश्नर और तीन डीसीपी ने बैठक की। अलका और उसके साथियों को दबोचने का मास्टर प्लान तैयार किया। इसे मिशन सीक्रेट नाम दिया गया। 40 चुनिंदा पुलिस जवानों की 7 टीमें बनाई गईं। इन सभी टीमों ने रात 3 बजे द्वारिकापुरी और पीथमपुर के ठिकानों पर एक साथ धावा बोला। रात 3.30 बजे द्वारकापुरी स्थित घर से अलका का बेटा जयदीप पकड़ में आया। अलका वहां नहीं मिली, तो पुलिस ने घेराबंदी बढ़ाई। 18 मई को तड़के 4 बजे अलका को उसके एक निर्माणाधीन मकान से दबोचा गया। वहीं, दूसरी टीम ने पीथमपुर से लाखन चौधरी को हिरासत में ले लिया। शाम 4 बजे भोपाल स्थित मिनाल रेसीडेंसी से श्वेता जैन को हिरासत में लिया, देर रात पूछताछ के लिए उसे इंदौर लाया गया।

दुल्हन की मौत के बाद पूरे शहर में हल्दी की सैंपलिंग

# मैंगो शेक वालों पर भी गिरी गाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में मिलावटी हल्दी के कारण एक दुल्हन की दुखद मृत्यु का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस गंभीर घटना को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के सीधे निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेय पदार्थों और खुले बाजारों में बिकने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने शहर के कई प्रमुख प्रतिष्ठानों और साप्ताहिक हाट बाजारों में औचक निरीक्षण और जांच की कार्रवाई को अंजाम दिया।

कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा खुले बाजारों और हाट बाजारों में बेची जा रही हल्दी की शुद्धता की बारीकी से जांच करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के पालन में अधिकारियों की टीम ने सनावदिया हाट बाजार पहुंचकर वहां बिक रही हल्दी की प्रारंभिक जांच की। इसके साथ ही मालवा मिल क्षेत्र तथा उसके आसपास के हाट बाजार इलाकों में भी हल्दी की शुद्धता जांची गई। इससे पहले प्रशासन की टीम मांगलिया हाट और मुसाखेड़ी क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुकी है। हालांकि, अब तक की गई प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की मिलावट की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पूरी तरह आश्वस्त होने के लिए हल्दी के नमूने एकत्र कर उन्हें विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आम जनता को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सबसे पहली प्राथमिकता है। खुले बाजारों और मौसमी खाद्य सामग्रियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए यह सैंपलिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

#### गुजरात रस प्रतिष्ठान पर प्रशासनिक कार्रवाई

हल्दी के साथ-साथ प्रशासन ने अन्य खाद्य और पेय पदार्थों की जांच में भी तेजी ला दी है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने स्नेहलतागंज में स्थित गुजरात रस नामक प्रतिष्ठान पर छापा मारा। निरीक्षण के समय वहां निर्माता राजेंद्र पटेल मौजूद मिले। जांच के दौरान वहां मैंगो शेक का निर्माण और विक्रय होते हुए पाया गया। अधिकारियों ने मौके से दो मैंगो शेक, शक्कर और खाद्य रंग के कुल चार नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त, निरीक्षण में यह भी सामने आया कि प्रतिष्ठान के खाद्य पंजीयन में दुकान का पता व्यवस्थित और स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं था। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने आगामी आदेश तक वहां निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

तेजाजी नगर में देर रात सड़क हादसा

## दो कारें आपस में भिड़ीं, एक युवक की मौत, तीन घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तेजाजी नगर इलाके में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा एबी रोड बायपास स्थित तेजाजी नगर ब्रिज के पास हुआ, जहां दो कारें आपस में टकरा गईं।

पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया।

एसआई अविनाश नागर ने बताया कि एक कार में प्रथम चौधरी (22) निवासी रंगवासा, कृष्णा (30) निवासी सांवेर और चेतन चौधरी (35) निवासी सांवेर सवार थे। वहीं दूसरी कार में युवराज (29) निवासी सांवेर मौजूद था। इलाज के दौरान प्रथम चौधरी की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और दोनों वाहन किस दिशा में जा रहे थे। दोनों क्षतिग्रस्त कारों को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों कारें आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि जब पुलिस मौके पर पहुंची तब दोनों कारें एक ही दिशा में जाने जैसी स्थिति में मिलीं। हादसा कैसे हुआ पुलिस इसके कयास लगा रही है। इधर, पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। एमवाय में मृत युवक का पीएम करवाया जाएगा। इधर, पुलिस ये भी पता लगाने में लगी है कि आखिर ये सभी लोग कहां से कहां जा रहे थे।

## रास्ता बंद होने पर महिलाओं का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पीथमपुर के नूतन नगर गली नंबर-4 में पिछले कई वर्षों से उपयोग में आ रहे एक रास्ते को बंद किए जाने पर मंगलवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। रास्ता बंद होने से नाराज महिलाएं 42 डिग्री की गर्मी में सड़क पर उतर आईं और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने रास्ते में बनाई गई दीवार को आंशिक रूप से तोड़ दिया।

स्थानीय निवासी शीला मौर्या ने बताया कि यह रास्ता पिछले करीब 10 साल से क्षेत्र के लोग इस्तेमाल कर रहे थे। बच्चों के स्कूल आने-जाने और लोगों के रोजमर्रा के आवागमन के लिए यही मुख्य मार्ग था। रहवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने बिना सूचना दिए अचानक रास्ता बंद कर दिया। लोगों ने बताया कि रास्ता बंद होने से अब एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और नगर पालिका की कचरा गाड़ी का आना मुश्किल हो जाएगा। इससे इलाके में आपात स्थिति और सफाई व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकती हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि कई बार समझाने के बाद भी उनकी बात नहीं सुनी गई, जिसके बाद उन्हें विरोध करना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से रास्ता दोबारा खुलवाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि दोबारा रास्ता बंद करने की कोशिश हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com